मंगलवार, 16 सितम्बर 2025

**मौसम**





| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 29 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:23 | सूर्यास्त: 17:41 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




कहीं नहीं जा रहा, अब राजग के साथ ही रहूंगा: नीतीश ने मोदी की मौजूदगी में कहा पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : आंखें तो सबकी एक जैसी होती हैं पर देखने का अंदाज अलग-2 होता है।






# पीएम मोदी ने कोलकाता में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का किया उद्घाटन

- आपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना की
- पीएम ने शीर्ष कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, सैंन्यबलों में एकीकरण व नवाचार पर दिया जोर
- तीन दिवसीय सम्मेलन में तीनों सेनाओं के शीर्ष कोर कमांडर्स एक मंच पर सुरक्षा संबंधी मुद्दों व तैंयारियों पर करेंगे गहन विचार मंथन





**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग में भारतीय सशस्त्र बलों के तीन दिवसीय 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) का उद्घाटन किया। 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं के शीर्ष कोर कमांडर्स एक मंच पर एकत्रित होकर सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों, भावी रणनीति व सैन्य तैयारियों पर तीन दिनों तक गहन विचार मंथन करेंगे। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम व अनुकरणीय भूमिका की जमकर सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। सैन्य कमांडरों को संबोधित करते हुए पीएम ने राष्ट्र निर्माण में सेना के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशस्त्र बलों ने हमेशा देश की संप्रभुता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। सेना देश की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती है और हर चुनौती का सामना करती है। आपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला मौका था जब पीएम ने तीनों सेनाओं के कमांडरों को संबोधित किया।

पीएम ने राष्ट्र निर्माण, समुद्री डकैती विरोधी अभियानों, संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी और मित्र देशों को मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने में सशस्त्र बलों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की।

रक्षा क्षेत्र में 2025 को सुधारों का वर्ष मानते हुए, प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्रालय को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और किसी भी स्थिति में अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए अधिक संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार के लिए ठोस कदम तेजी से लागू करने का निर्देश दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस दौरान उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में पीएम ने शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ तीन घंटे से अधिक समय पूर्वी कमान मुख्यालय में बिताया।

### शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

रक्षा मंत्रालय की ओर से एक बयान में बताया गया कि पीएम मोदी ने इस दौरान शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति, रक्षा तैयारियों और पिछले वर्षों में लागू किए गए सुधारों एवं अगले दो वर्षों की योजना की भी समीक्षा की। शीर्ष कमांडरों द्वारा पीएम को आपरेशन सिंदूर के बाद निर्मित नई सामान्य स्थिति सहित नई उभरती तकनीक और रणनीति एवं भविष्य के युद्ध व सेनाओं की परिचालन तत्परता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पीएम ने आपरेशनल तत्परता को बढ़ाने के लिए सैन्यबलों में एकीकरण, आत्मनिर्भरता और नवाचार पर जोर दिया।

### सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है यह सम्मेलन

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। बयान में बताया गया कि आपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित इस वर्ष के सम्मेलन में भारतीय सशस्त्र बलों में परिवर्तनकारी सुधारों और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस बार का विषय है 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन'। सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता बढ़ाने सहित कई रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

**-इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और सेना, वायुसेना तथा नौसेना के प्रमुखों सहित शीर्ष सैन्य कमांडर भाग ले रहे हैं। यह संयुक्त सम्मेलन दो साल पर होता है। आखिरी संयुक्त कमांडर सम्मेलन 2023 में भोपाल में आयोजित हुआ था।**



कल विश्वकर्मा पूजा : पूजा से पूर्व मूर्तियों की खरीदारी में व्यस्त श्रद्धालु

## सीबीडीटी ने दी राहत, अब आज तक भरें आयकर रिटर्न




**नयी दिल्ली :** सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ा दी है। अब करदाता 16 सितंबर तक अपना रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। सीबीडीटी ने देर रात जारी बयान में कहा कि ''आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2025 से बढ़ाकर 16 सितंबर, 2025 करने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में करदाताओं ने ई-फाइलिंग पोर्टल पर तकनीकी खामियों की शिकायत की थी। इसी को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने यह फैसला किया है।

## वक्फ अधिनियम 2025: सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक, पूरे कानून पर स्थगन से इनकार



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ अहम प्रावधानों पर रोक लगा दी लेकिन पूरे अधिनियम को स्थगित करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कानून की संवैधानिकता को हमेशा पूर्वधारणा का लाभ मिलता है और केवल दुर्लभ मामलों में ही हस्तक्षेप किया जाता है। अदालत ने जिलाधिकारियों को वक्फ संपत्तियों पर निर्णय लेने के अधिकार, वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम भागीदारी की सीमा, और इस्लाम धर्म का पाँच साल से पालन करने की शर्त जैसे विवादित प्रावधानों को फिलहाल स्थगित रखा।

### वक्फ अधिनियम पर उच्चतम न्यायालय का आदेश लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत : रीजीजू

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है। उच्चतम न्यायालय ने अधिनियम के कई अहम प्रावधानों पर रोक लगा दी है, जिनमें वह धारा भी शामिल है, जिसमें केवल वैसे लोगों को किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित करने की अनुमति दी गई थी, जो पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। हालांकि, अदालत ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मेरा मानना है कि उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय हमारे लोकतंत्र के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि

- केंद्रीय वक्फ परिषद में 22 में से अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य और
- राज्य वक्फ बोर्ड में 11 में से अधिकतम 3 गैर-मुस्लिम सदस्य ही रह सकेंगे।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक अधिकरण अंतिम निर्णय नहीं देता, तब तक वक्फ संपत्तियों से बेदखली या रिकॉर्ड में बदलाव नहीं होगा।

इस अंतरिम आदेश को अदालत ने 'संतुलन बनाते हुए न्याय' की कानूनी अवधारणा के तहत पारित किया।

## अगस्त में निर्यात 6.7% बढ़ा, आयात में 10% की गिरावट

**नयी दिल्ली :** अगस्त 2025 में देश का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि आयात 10.12 प्रतिशत घटकर 61.59 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोने के आयात में लगभग 57 प्रतिशत की गिरावट आने से देश का वस्तु व्यापार घाटा 26.49 अरब डॉलर पर सीमित रहा, जो पिछले वर्ष इसी माह में 35.64 अरब डॉलर था। अगस्त में अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात गंतव्य बना रहा, जहां 6.86 अरब डॉलर मूल्य का सामान भेजा गया। इसके बाद यूएई (3.24 अरब डॉलर), नीदरलैंड (1.83 अरब डॉलर), चीन (1.21 अरब डॉलर) और ब्रिटेन (1.14 अरब डॉलर) का स्थान रहा। आयात के मामले में चीन 10.91 अरब डॉलर के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद रूस, यूएई, अमेरिका और सऊदी अरब के नाम रहे। महत्वपूर्ण निर्यात श्रेणियों में इंजीनियरिंग उत्पाद, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, दवाएं और रत्न-आभूषण शामिल रहे, जबकि आयात में पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, वनस्पति तेल, कोयला एवं उर्वरक प्रमुख रहे। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-अगस्त 2025) में भारत का कुल निर्यात 349.35 अरब डॉलर रहा जो पिछले वर्ष के 329.03 अरब डॉलर से अधिक है।

### बेरोजगारी दर लगातार दूसरे महीने घटी, अगस्त में 5.1 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली :** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर अगस्त 2025 में घटकर 5.1 प्रतिशत पर आ गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार जुलाई में यह 5.2 प्रतिशत और मई-जून में 5.6 प्रतिशत थी। यह लगातार दूसरा महीना है जब बेरोजगारी दर में गिरावट दर्ज की गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, पुरुषों की बेरोजगारी दर अगस्त में पांच महीनों के न्यूनतम स्तर 5 प्रतिशत पर रही। शहरी क्षेत्रों में यह जुलाई के 6.6 प्रतिशत से घटकर 5.9 प्रतिशत हुई, जबकि ग्रामीण पुरुषों में यह घटकर 4.5 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण बेरोजगारी दर लगातार तीन महीनों से घट रही है, मई में यह 5.1 प्रतिशत थी जो अगस्त में 4.3 प्रतिशत हो गई। महिलाओं में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में भी लगातार दो महीनों से वृद्धि हुई और अगस्त में यह बढ़कर 32 प्रतिशत पर पहुंच गया। इसी अवधि में महिला श्रम बल भागीदारी दर ग्रामीण क्षेत्रों में 37.4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 26.1 प्रतिशत हो गई।


**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


'भयमुक्त कारोबार' का नया केंद्र बना उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री पृष्ठ 6

### आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ता ही एक अक्टूबर से शुरूआती 15 मिनट में ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे: रेलवे

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय एक अक्टूबर से किसी भी ट्रेन के लिए बुकिंग आरंभ होने पर शुरूआती 15 मिनट के दौरान केवल आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ताओं को ही आईआरसीटीसी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से आरक्षित सामान्य टिकट बुक करने की अनुमति देगा। वर्तमान में, यह प्रतिबंध केवल तत्काल बुकिंग पर लागू है। मंत्रालय के एक परिपत्र में सोमवार को कहा गया, ''यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण प्रणाली का लाभ आम उपयोगकर्ता तक पहुंचे और बेईमान तत्वों द्वारा इसका दुरुपयोग न हो, यह निर्णय लिया गया है कि एक अक्टूबर 2025 से सामान्य आरक्षण के शुरूआती 15 मिनट के दौरान, आरक्षित सामान्य टिकट केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ताओं द्वारा ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से बुक की जा सकेंगी।'' मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि 15 मिनट के बाद अधिकृत टिकट एजेंटों को ऑनलाइन आरक्षण बुक करने की अनुमति दी जाएगी।

## अवैधता पाई गई तो बिहार में एसआईआर को रद्द कर देंगे, पूरे देश में एसआईआर नहीं रोका जा सकता: न्यायालय

नयी दिल्ली उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह यह मानता है कि भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कानून का पालन कर रहा है। इसने यह भी आगाह किया कि किसी भी अवैधता की स्थिति में इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए सात अक्टूबर की तारीख तय की और इस कवायद पर ''टुकड़ों में राय'' देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, ''बिहार एसआईआर में हमारा फैसला पूरे भारत में एसआईआर के लिए लागू होगा।'' इसने स्पष्ट किया कि वह



निर्वाचन आयोग को देश भर में मतदाता सूची में संशोधन के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर कवायद के खिलाफ याचिका दायर करने वालों को सात अक्टूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी दलील रखने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से मामले के निर्णय पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा, ''मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से हमें क्या फर्क पड़ेगा? अगर हमें लगा कि इसमें कुछ अवैधता है, तो हम इसे रद्द कर सकते हैं।'' इस बीच, न्यायालय ने आठ सितंबर के शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने का आग्रह करने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें निर्वाचन आयोग को बिहार एसआईआर में 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड को शामिल करने का निर्देश दिया गया था। निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने शुरू में पीठ से अनुरोध किया कि न्यायालय को एसआईआर प्रक्रिया का अंतिम मूल्यांकन होने तक सुनवाई स्थगित कर देनी चाहिए। गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि निर्वाचन आयोग अन्य राज्यों में भी एसआईआर कवायद कराने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हमें इस प्रक्रिया के कानूनी पहलू पर अदालत से बात करनी होगी। अगर यह पाया जाता है कि संवैधानिक योजना में कोई विकृति है, तो हम दबाव डाल सकते हैं कि इसे जारी न रखा जाए। अन्य राज्यों के साथ आगे बढ़ने और एक तथ्य स्थापित करने का कोई सवाल ही नहीं है।''




## दीर्घकालिक शांति की जाए सुनिश्चित

लंबे समय तक अशांत रहे मणिपुर के मुद्दे पर अकसर विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब वह प्रतीक्षित यात्रा हकीकत बनी है। कहा जा सकता है कि संघर्षरत राज्य की जनता के बीच विश्वास की कमी को दूर करने का यह सार्थक प्रयास जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि,लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है। ऐसी दशा में इस संवेदनशील राज्य में केंद्र सरकार को सामान्य स्थिति की बहाली और दीर्घकालिक शांति स्थापना के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। विगत में मैतेई समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिये जाने की मांग करते रहे हैं। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल, हाल के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि 'दोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं,लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं।' उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। राज्य में हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है ताकि विधानसभा चुनाव में देरी न हो। केंद्र सरकार को विधानसभा को लंबे समय तक निलंबित रखने के फायदे और नुकसान का भी आकलन करना होगा। लेकिन फिलहाल, प्राथमिकता के आधार पर ध्यान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास पर देने की जरूरत है। उससे भी महत्वपूर्ण, राज्य में सक्रिय चरमपंथी समूहों के लोगों को हथियार डालने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं पर काम जल्दी शुरू करने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने से भी मणिपुर के लोगों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसे तमाम प्रयास मणिपुर के आहत लोगों की विश्वास बहाली में मददगार साबित हो सकते हैं। निस्संदेह, इस बार केंद्र सरकार की तरफ से कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

# मुस्लिम समाज ने की वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना



संजय सक्सेना

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज वक्फ अधिनियम से जुड़े मामले में पारित किये गये अंतरिम आदेश पर मुस्लिम समाज के विभिन्न नेताओं, धर्मगुरूओं और विद्वानों की प्रतिक्रियाएँ सामने आयी हैं। यह आदेश पूरे देश में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि वक्फ सम्पत्ति का सम्बन्ध सीधे धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों से है। अदालत में लम्बे समय से यह विवाद विचाराधीन था और आज दिये गये इस अन्तरिम निर्णय को एक ओर कुछ लोग संतोषजनक बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अनेक धर्मगुरु उसे चिंताजनक मान रहे हैं। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, जो राजधानी लखनऊ के प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरुओं और विद्वानों में गिने जाते हैं, ने अदालत के निर्णय पर अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आज का आदेश मुस्लिम समाज की धार्मिक और शैक्षिक संस्थाओं के भविष्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि वक्फ सम्पत्ति हमेशा से समाज की बेहतरी, निर्धनों की सहायता और मज़हबी गतिविधियों के लिये सुरक्षित की जाती रही है। यदि इस सम्पत्ति से छेड़छाड़ या इसके प्रबन्धन पर कोई आघात होता है तो सीधा असर समाज की बुनियादी ढाँचे पर पड़ेगा। मौलाना ने यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत ने अभी केवल अन्तरिम आदेश पारित किया है और आगे सुनवाई जारी रहेगी। उन्होंने अपील की कि इस मुद्दे को किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से न देखा जाये। उनके अनुसार, यह मामला केवल मुस्लिम समाज का नहीं बल्कि पूरे देश के संवैधानिक ढाँचे और धार्मिक अधिकारों के संरक्षण से जुड़ा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि अन्तिम निर्णय में अदालत समाज की ऐतिहासिक परम्परा, धार्मिक आज़ादी और न्याय की भावना को ध्यान में रखेगी। देशभर के मुसलमानों की बात कि जाये तो वाराणसी, दिल्ली, हैदराबाद और कई अन्य नगरों से भी मुस्लिम नेताओं की प्रतिक्रियाएँ लगातार आयीं। कई स्थानों पर धर्मगुरुओं ने बयान जारी कर कहा कि वक्फ की व्यवस्था केवल धर्म नहीं बल्कि समाज सेवा का भी माध्यम है। मुस्लिम शिक्षण संस्थानों, मदरसों और अस्पतालों की बड़ी संख्या वक्फ की आमदनी पर निर्भर करती है। ऐसे में यदि वक्फ पर शंका की दृष्टि डाली जाती है तो यह न केवल मज़हबी सरोकार का विषय है बल्कि समाज में चल रहे कल्याणकारी कार्य भी बाधित होंगे। दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम ने भी बयान दिया कि अदालत जिस स्तर पर इस विषय का परीक्षण कर रही है, वह स्वागत योग्य है। लेकिन उन्होंने यह आशंका भी व्यक्त की कि कहीं यह मामला समाज के भीतर अविश्वास और गलतफहमी का कारण न बन जाये। उन्होंने कहा कि वक्फ की सम्पत्तियाँ हमेशा समाज की नयी पीढ़ी की शिक्षा और अनाथों, विधवाओं तथा ग़रीबों की सहायता के लिये उपयोग की जाती रही हैं। उन्हें संरक्षित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वाराणसी और अलीगढ़ के कई मौलानाओं ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस आदेश के बाद समाज के लोग चिन्तित हैं। उनका कहना था कि वक्फ अधिनियम को लेकर यदि कोई प्रश्न उठे भी तो उसका समाधान केवल न्यायपूर्ण और पारदर्शी सुनवाई के माध्यम से ही सम्भव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुसलमान अपने धार्मिक न्यासों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहे हैं और उन्हें बिना किसी दोष सिद्ध हुए कटघरे में खड़ा करना न्यायोचित नहीं होगा।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रमुख धर्मगुरुओं ने मौलाना खालिद रशीद के विचारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को धैर्य और संयम से काम लेना चाहिये। अदालत के अन्तिम निर्णय का सबको सम्मान करना होगा, लेकिन समाज के भीतर जागरूकता फैलाना आज सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि लोग स्वयं वक्फ सम्पत्ति के महत्त्व और उसके सदुपयोग से परिचित होंगे तो किसी भी प्रकार की भ्रान्ति अपने आप दूर हो सकती है। अदालत के इस अन्तरिम आदेश ने एक नये सवाल को जन्म दिया है दृ वक्फ की सम्पत्ति की देखरेख और लेखाजोखा किस प्रकार पारदर्शी रूप से सुनिश्चित किया जाये। अनेक धर्मगुरुओं ने स्वीकार किया कि वक्फ की जमीनों और इमारतों पर अक्सर अवैध कब्ज़े की शिकायतें आती रहती हैं। ऐसे में अदालत का ध्यान इस ओर जाना स्वाभाविक है। परन्तु समाज के नेताओं ने यह भी स्पष्ट कहा कि इसका हल सम्पूर्ण वक्फ व्यवस्था को ही प्रश्न चिह्नित करना नहीं होना चाहिये।

मौलानाओं ने सुझाव दिया कि वक्फ बोर्ड को अपने भीतर सुधार करने होंगे। आधुनिक तकनीक से सम्पत्तियों का अभिलेख तैयार किया जाये, नियमित लेखापरीक्षण हो और समाज को जानकारी उपलब्ध करायी जाये। इससे एक ओर तो अदालत की चिन्ता भी दूर होगी और दूसरी ओर समाज का विश्वास भी और मज़बूत होगा। ग्रामीण इलाकों और छोटे नगरों में भी मुस्लिम समाज के बीच आज का आदेश प्रमुख चर्चा का विषय बना। लोग यह जानने के इच्छुक हैं कि अन्ततः अदालत किस निष्कर्ष पर पहुँचेगी। बहुत से लोगों ने इस आशंका को व्यक्त किया कि कहीं यह आदेश मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों पर अंकुश का संकेत न दे। वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बताया कि उनका पूरा ढाँचा वक्फ की सहायता पर टिका है और यदि इसमें कोई व्यवधान आता है तो समाज की नयी पीढ़ी पर सीधा असर पड़ेगा।

अन्तरिम आदेश के बाद अब सबकी निगाहें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि मामला गंभीर है और सभी पक्षों के तर्क सुने जायेंगे। मुस्लिम नेताओं और धर्मगुरुओं का मानना है कि इस बीच समाज को चिंता में डूबने के बजाय संगठित होकर अपने दृष्टिकोण को शांतिपूर्वक और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करना चाहिये। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि हर समाज को संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का पूरा अधिकार है। वक्फ सम्पत्ति उसी स्वतंत्रता का अटूट हिस्सा है। यदि समाज एकजुट होकर उसके महत्व को रेखांकित करेगा, तो निश्चय ही अदालत भी उस पहलू को गंभीरता से लेगी। उन्होंने अंत में जनता से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और इस विषय में केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

कुल मिलाकर, सुप्रीम कोर्ट के इस अन्तरिम आदेश ने मुस्लिम समाज के बीच गहरी चर्चा को जन्म दिया है। समाज के नेता और धर्मगुरु एक ओर अदालत की प्रक्रिया का सम्मान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी आशंकाएँ भी स्पष्ट रूप से व्यक्त कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि सुनवाई किस दिशा में जाती है और वक्फ अधिनियम का भविष्य किस रूप में आकार लेता है। -वरिष्ठ पत्रकार

# एसआइआर आसान नहीं आगे की राह



रोहित माहेश्वरी

बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का काम पूरा होते ही चुनाव आयोग अब बिहार की तर्ज पर देश भर में एसआइआर कराएगा। इसकी शुरुआत अक्टूबर के पहले हफ्ते से हो सकती है। चुनाव आयोग ने बीते दिनों सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ चर्चा में एसआइआर से जुड़ी तैयारियों को जांचा। साथ ही बिहार में कराए गए एसआइआर के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करने के निर्देश दिए।

एसआईआर पर विपक्ष लगातार विरोध जता रहा है। संसद के मानसून सत्र में सड़क से लेकर सदन तक एसआइआर का विपक्ष ने जमकर विरोध किया। विपक्ष के विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने एसआइआर का काम रोका नहीं। बिहार में एसआइआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा रहा है। इस दिन बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हो जाएगी। एसआइआर का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को ध्यान से सुना और चुनाव आयोग को दिशा निर्देश भी दिए।

एसआईआर पर विपक्ष का विरोध समझ से परे है। आाखिरकार अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट में रखने का क्या औचित्य है? अगर फर्जी, डुप्लीकेट या मृत नागरिकों का नाम वोटर लिस्ट से हटा देने में बुराई क्या है? क्या राजनीतिक दल नहीं चाहते कि लोकतंत्र मजबूत हो। चुनाव निष्पक्ष और साफ सुथरी वोटर लिस्ट के जरिये हों। आखिरकार विपक्ष का दर्द समझ से परे है।

जो भी हो, आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाए, भले ही इसमें कुछ विलंब हो। बिहार के अनुभव ने इस आवश्यकता पर और अधिक बल दिया है कि पूरे देश में मतदाता सूचियों का सत्यापन होना चाहिए। सच तो यह है कि यह कार्य एक निश्चित अंतराल के बाद होते ही रहना चाहिए। यह ठीक नहीं कि बिहार में 2003 के बाद अब जाकर मतदाता सूची के सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी। चुनाव आयोग को देशव्यापी एसआइआर करते समय इसके लिए भी तैयार रहना होगा कि उसे विपक्षी दलों और साथ ही स्वयं को लोकतंत्र का स्वयंभू पैरोकार बताने वाले लोगों के विरोध और दुष्प्रचार का सामना करना पड़ सकता है।

इसका अंदेशा इसलिए है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया को हरी झंडी दिखाए जाने के बावजूद विपक्षी दल अपने बेजा विरोध से बाज नहीं आ रहे हैं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी मतदाता सूची के सत्यापन की संभावित प्रक्रिया के खिलाफ खड़ी हो गई हैं।

अब भारतीय चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआइआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में हैं। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे । उल्लेखनीय है कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची इस महीने के अंत तक प्रकाशित होने वाली है।

इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी देशों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निस्संदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में दो राय नहीं हो सकती है कि मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने करने के लिये तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग को एसआइआर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सत्तारूढ़ दल के असहयोग के साथ अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। एक बड़ी चुनौती उन दस्तावेजों के सत्यापन की हो सकती है, जिनके आधार पर कोई अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए दस्तावेजों में आधार को भी शामिल कर लिया है और यह किसी से छिपा नहीं कि बंगाल में सर्वाधिक नकली अथवा फर्जी दस्तावेजों के सहारे आधार से लैस लोगों की संख्या सबसे अधिक होने की आशंका है।

यह कोई हैरानी की बात नहीं कि बांग्लादेश से अवैध तरीके से आए लोगों ने मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार और अन्य अनेक वे दस्तावेज हासिल कर लिए हैं, जिनसे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है और साथ ही खुद को भारतीय नागरिक बताया जा सकता है।

यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कि अभारतीय नागरिक फर्जी प्रमाण पत्रों अथवा गलत जानकारी के आधार पर भारतीय नागरिक होने के पहचान पत्र हासिल कर लें और अंततः मतदाता भी बन जाएं। ऐसे लोग केवल भारतीय लोकतंत्र के साथ छल करने वाले ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकते हैं। कोई भी चुनाव हो, उसमें मतदान करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिलना चाहिए।

निस्संदेह, राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है। लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है। जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा दिक्कत राजनीतिक दलों के मुखर विरोध की भी है। खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआइआर क्रियान्वयन तो और ज्यादा मुश्किल होगा। हाल के वर्षों में देखा गया है कि सीमावर्ती राज्यों में अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिये राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विदेशी नागरिकों के जरूरी कागजात बनवाने में गुरेज नहीं करते। यह भी हकीकत है कि चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिये सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है।

बीते अगस्त में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता बिहार के सासाराम में चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे।इसके कुछ ही मिनटों के बाद सासाराम से क़रीब 900 किलोमीटर दूर देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग की तरफ से इन आरोपों पर जवाब देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर 'वोट चोरी' कर रहे हैं और 'बिहार में एसआइआर वोट चोरी करने की कोशिश' है। जिस तरीके से विपक्ष खासकर वोट चोरी को आरोप लगा रही है, और चुनाव आयोग को लगातार निशाने पर लिए हुए है। ऐसे में देशभर में जहां एनडीए की सरकार नहीं है, वहां एसआइआर की राह में मुश्किलें खड़ी होना लाजिमी है। अब यह देखना अहम होगा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के विरोध से निपटकर एक साफ सुथरी वोटर लिस्ट कैसे तैयार करता है। -स्वतंत्र पत्रकार

## नेपाल की अंतरिम सरकार का लक्ष्य स्वतंत्र, निष्पक्ष माहौल में समय पर चुनाव कराना है: गृह मंत्री आर्यल

**काठमांडू :** नेपाल के नवनियुक्त गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल ने सोमवार को कहा कि अंतरिम सरकार का लक्ष्य स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में समय पर आम चुनाव कराना है। हाल ही में जेन-जेड वार्ता में अहम भूमिका निभाने वाले एक प्रमुख वकील आर्यल ने सोमवार को गृह और विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया। आर्यल ने पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कार्यवाहक सरकार का गठन स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के स्पष्ट आदेश के साथ किया गया था। उनके अनुसार, हाल के प्रदर्शनों के दौरान क्षतिग्रस्त हुए बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण और सुशासन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताएं होंगी।

उन्होंने कहा, 'अगर विद्रोह से विस्थापित हुए लोगों को वापस आने का रास्ता दिखाई देता है, तो उन्हें चुनाव के माध्यम से खुद को परखना चाहिए और नागरिकों का जनादेश लेना चाहिए।' उन्होंने प्रदर्शनों के दौरान कथित अत्यधिक बल प्रयोग की जांच का भी वादा किया, जिसके कारण 72 लोगों की मौत हो गई। सुशीला कार्की रविवार को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 सितम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष दशमी, 24:24 तक, नक्षत्र : आद्रा, 06:44 तक, योग : वरीघा, 24:29 तक, सूर्योदय: 5:23, सूर्यास्त: 17:41, चन्द्रोदय : 24:56, चन्द्रास्त: 14:04, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 14:33 से 16:04

## राशिफल

**मेष :** आपकी कुछ अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं और कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। व्यापार के मामले में सह-योगियों का साथ मिलेगा और निवेशों से भी लाभ हो सकता है।

**वृष :** आर्थिक मामलों में सतर्क रहना जरूरी है। कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। फिजूलखर्ची से बचें और बजट बनाकर चलना लाभकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में कामकाज से जुड़ी किसी बात के चलते आपका मन परेशान रह सकता है। बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति होने से मनोबल बढ़ेगा। पारिवारिक माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा।

**कर्क :** समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे और आपके लिए उन्नति के नए मार्ग खुलते जाएंगे।

**सिंह :** कारोबार के मामले में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आर्थिक मामलों में खूब लाभ कमाएंगे, जिससे धन में वृद्धि होने के संकेत हैं। नौकरी करने वालों का दिन भी अनुकूल रहेगा।

**कन्या :** किसी बात को लेकर आपका मन परेशान रह सकता है। ऐसे में मानसिक तनाव भी अधिक बढ़ेगा। हालांकि, व्यवसाय के मामले में लाभ होने के संकेत हैं।

**तुला :** आर्थिक मामलों में दिन बेहतरीन रहने वाला है और आपको अचानक बड़ी मात्रा में धन लाभ हो सकता है। इसी के चलते मन प्रसन्न रहेगा और तनाव भी कम होगा।

**वृश्चिक :** दिन मिलाजुला रहेगा और स्थान परिवर्तन होने के संकेत मिल रहे हैं। कार्यक्षेत्र में कामकाज अधिक रह सकता है। जिसके चलते आप व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक माहौल सामान्य रहेगा।

**धनु :** आर्थिक मामलों में लाभ होने के संकेत हैं। लेकिन इसके लिए आपको अधिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ लोगों से मेलजोल बढ़ने के कारण अधिकारी वर्ग पक्ष में रह सकते हैं।

**मकर :** कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। वे आपके खिलाफ कोई योजना बना सकते हैं। ऐसे में सावधान रहना जरूरी होगा। वहीं, विवादों से भी दूर रहने की आवश्यकता है।

**कुम्भ :** व्यवसाय के क्षेत्र में दिन अनुकूल रहने वाला है। आपको लगातार लाभ मिलने की संभावना बनी हुई है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल सामान्य बना रहेगा।

**मीन :** आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है और आपको लाभ कमाने के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। इस समय आपको मानसिक तनाव से बचना होगा।

## विदेश की खबरें

### चीन ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी के लिए अपना गुप्त सैन्य परिसर खोला

**बीजिंग :** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को चीन में एक गुप्त सैन्य परिसर का दौरा कराया गया जहां उन्होंने संयुक्त रक्षा उत्पादन बढ़ाने की बात कही। जरदारी इस विशाल परिसर का दौरा करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के संवैधानिक प्रमुख की जिम्मेदारी भी संभालने वाले जरदारी ने रविवार को 'एविएशन इंडस्ट्री कॉरपोरेशन ऑफ चाइना' (एवीआईसी) का दौरा किया जहां उन्हें सबसे उन्नत सैन्य उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई और इसमें विशेष रूप से नए लड़ाकू विमान भी शामिल थे। जरदारी के कार्यालय ने इस्लामाबाद में एक बयान में कहा कि उन्हें एवीआईसी की उन्नत क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें जे-10 लड़ाकू विमान, पाकिस्तान के साथ मिलकर बनाए जाने वाले जेएफ-17 थंडर समेत जे-20 विमान में प्रगति आदि शामिल है। चीन की 10 दिवसीय यात्रा पर आए जरदारी को आधुनिक बहु-क्षेत्रीय अभियानों के लिए मानव रहित हवाई वाहनों, पूर्ण स्वचालित इकाइयों और एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण प्रणालियों के बारे में भी जानकारी दी गई। चीन के विदेश मंत्रालय ने जरदारी के एवीआईसी दौरे और रक्षा उत्पादन पर चीन के साथ मजबूत सहयोग की उनकी बात को सोमवार को अधिक महत्व नहीं दिया।

### भारतीय मूल के होटल प्रबंधक के हत्यारे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी: ट्रंप

**ह्यूस्टन/न्यूयॉर्क :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के होटल प्रबंधक चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया को एक ''सम्मानित व्यक्ति'' बताया, जिनकी पिछले सप्ताह डलास में सिर कलम कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। ट्रंप ने कहा कि अपराधी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने कहा कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ 'फर्स्ट-डिग्री मर्डर' का मुकदमा चलाया जाएगा। टेक्सास प्रांत में 10 सितंबर को 'डाउनटाउन सुइट्स' होटल में वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद, मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की उनके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज (37) ने उनकी पत्नी और बेटे के सामने सिर कलम कर हत्या कर दी थी। इस घटना पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ट्रंप ने जो बाइडन नीत पूर्ववर्ती सरकार की आव्रजन नीतियों की कड़ी आलोचना की और हमलावर को ''अवैध अप्रवासी'' बताया, जिसे उनके अनुसार देश से पहले ही निकाल देना चाहिए था। ट्रंप ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर कहा, ''टेक्सास के डलास में चंद्र नागमल्लैया की हत्या की भयावह खबर मिली।

## वर्ग पहेली नं. 3209



*ऊपर से नीचे:-* 1) एक पांडव, 2) उत्पाद, 3) अभी पैदा हुआ, 4) मेघ, 5) पर्वत, 6) तहख़ाना, 8) न्यायालय, 10) स्मारक, 12) स्त्रीलिंगीय, 13) गैरहाज़िर, 14) निराश्रय, 15) व्यर्थ, 17) हुलिया, 19) धधकना, 21) हैरान, 24) तड़ता, 26) नई मूँछ, 27) चौराहा.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) बेक़द्री, 4) लोकमत, 7) अल्पतम; एक सीतापुत्र, 8) तला क़शुदा; भिन्न, 9) फिर से शुरू होनेवाला *(साल)*, 11) सम्पत्ति, 12) एक हिंदु महीना, 13) कंगाल, 14) पराया, 16) इंद-धनुषी, 18) सीमा, 20) असर, 22) अत्याचार, आपत्ति, 23) हुलिया; सौंदर्य, 25) कौशल्येय, 27) बर्बाद; नष्ट, 28) पर्यायवाची, 29) भूमिकर.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | मि | ल | ना | ■ | मौ | न | ■ | स |
| क़ | मा | ल | ■ | ग | ल | त | फ़ | ह | मी |
| स | मा | न | ■ | रि | ■ | ■ | र | ■ | क |
| द | ■ | सा | ■ | क | र | तू | त | ■ | र |
| ■ | मि | र | गी | ■ | स | फ़्र | ■ | क | ण |
| पो | ला | ■ | त | भी | ■ | न | ग | द | ■ |
| ■ | व | ■ | ■ | रु | स | ■ | ■ | र | द्दी |
| अ | ट | क | ल | ■ | ब | रा | म | दा | ■ |
| ज़ीं | ■ | ■ | त | पा | क | ■ | त | न | हा |

## सुडोकू-पहेली-3166

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 8 | | | | 4 |
| 7 | | 4 | 2 | | | | 1 | |
| | | | | | | | | 7 |
| 2 | | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 7 | | 3 | | | | |
| 1 | 3 | | | 2 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3165 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 6 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 8 | 9 |
| 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 | 7 |

# सुकांत मजूमदार के काफिले को वीवीआईपी जोन में प्रवेश की नहीं दी गई अनुमति

## केंद्रीय मंत्री ने राज्य पुलिस पर लगाया प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप, लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार को सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विदाई देने के लिए कोलकाता हवाई अड्डे के वीवीआईपी क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह घटना दोपहर बाद प्रधानमंत्री मोदी के बिहार के लिए रवाना होने से कुछ समय पहले घटित हुई। आरोप है कि राज्य के मंत्री सुजीत बोस को प्रोटोकॉल के अनुसार उच्च-सुरक्षा वाले वीवीआईपी क्षेत्र में गाड़ी लेकर जाने की अनुमति दी गई, जबकि सुकांत मजूमदार को पुलिस कर्मियों



ने रोक दिया और उन्हें काफी दूरी तक पैदल चलने के लिए मजबूर होना पड़ा। केंद्रीय मंत्री और सांसद सुकांत मजूमदार ने गंभीर आरोप लगाते हुए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने राज्य पुलिस पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन और संसद की विशेषाधिकार समिति की अवमानना का आरोप लगाया है। सुकांत मजूमदार ने पत्र में लिखा है कि सोमवार को जब वे कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे, तो उन्हें पहले बैरिकेड पर ही रोक दिया गया। यह कार्रवाई सब-इंस्पेक्टर और कांस्टेबल ने की, जबकि उसी समय राज्य के मंत्री सुजीत बोस की गाड़ी को बिना किसी रुकावट के वीवीआईपी गेट नंबर 4 तक जाने दिया गया। मंत्री ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने पुलिस कर्मियों से इस भेदभावपूर्ण व्यवहार का कारण पूछा, तो उन्हें बताया गया कि यह कार्रवाई बिधाननगर की पुलिस आयुक्त ऐश्वर्या सागर के निर्देश पर की गई है। मंत्री का कहना है कि यह घटना न केवल केंद्रीय मंत्री के रूप में उनके अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह केंद्र सरकार के प्रति राज्य सरकार की जानबूझकर की गई अवहेलना को दर्शाती है। सुकांत मजूमदार ने इसे संसद के विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन बताते हुए लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और इसे विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए ताकि इस पर उचित जांच और कार्रवाई हो सके। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा है कि राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा इस तरह का रवैया न सिर्फ अपमानजनक है, बल्कि यह केंद्र और राज्य के बीच तय प्रोटोकॉल की खुली अनदेखी भी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक मंत्री नहीं, बल्कि संसद और लोकतांत्रिक संस्थाओं का भी अपमान है।

# अशोकनगर में पूर्व सीआरपीएफ जवान की हत्या के आरोप में बीएसएफ जवान समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के अशोकनगर में गला कटा शव बरामदगी मामले में एक बीएसएफ जवान और उसके करीबी दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बीएसएफ जवान का नाम अभिजीत हलदर है, उसका घर अशोकनगर कल्याणगढ़ में है। उसके सहयोगी का नाम शंभू पाल है, जो अशोकनगर के कछुआ इलाके का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 4 अगस्त को अशोकनगर के बुजरुक दीघा दोगछिया इलाके में सड़क के किनारे एक अज्ञात युवक का गला कटा शव मिला था। हालांकि, शुरुआत में कोई सुराग नहीं मिला, लेकिन शव के पास एक बस टिकट मिला। उस टिकट



के इर्द-गिर्द तलाश शुरू की गई और आखिरकार दोनों आरोपियों के नाम सामने आए। पुलिस जांच में पता चला कि मृत युवक मेदिनीपुर के नंदीग्राम का निवासी था। परिवार से संपर्क करने के बाद पुलिस ने उसकी पहचान की पुष्टि की। पता चला है कि मृत युवक कभी सीआरपीएफ का जवान था। हालांकि, ड्यूटी के दौरान उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और इलाज के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। आखिरकार, उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। तो फिर इस मानसिक रूप से विक्षिप्त पूर्व जवान की हत्या क्यों की गई? पुलिस इसी सवाल का जवाब तलाश रही है। शनिवार को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किए गए बीएसएफ कर्मी अभिजीत हलदर को अशोकनगर लाया गया। रविवार को जब उसे बारासात कोर्ट में पेश किया गया, तो उसकी पुलिस हिरासत के लिए अर्जी दी गई। जांचकर्ताओं का दावा है कि अब मुख्य लक्ष्य आरोपी से पूछताछ करके घटना की असली वजह का पता लगाना है।

# अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने टॉलीवुड अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती से की मैराथन पूछताछ

❑ **पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद ने ईडी अधिकारियों को मांगे गए दस्तावेज भी सौंपे**



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने सोमवार को बांग्ला फिल्म अभिनेत्री व पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद मिमी चक्रवर्ती से मैराथन पूछताछ की। इस दिन, मिमी चक्रवर्ती सुबह 10:50 बजे नई दिल्ली में ईडी मुख्यालय में हाजिर हुईं। उन्होंने ईडी अधिकारियों को मांगे गए दस्तावेज भी सौंपे। सूत्रों के मुताबिक, ईडी अधिकारी पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद के जवाबों से संतुष्ट नहीं दिखे। बता दें कि मिमी चक्रवर्ती अवैध सट्टेबाजी ऐप की ब्रांड एंबेसडर थीं। ईडी ने गत रविवार को एक ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफार्म में कथित मनी लांड्रिंग की चल रही जांच के सिलसिले में मिमी चक्रवर्ती को समन जारी किया था। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले महीने इसी मामले में बांग्ला फिल्म अभिनेता अंकुश हाजरा को समन जारी किया था। हाजरा को 16 सितंबर को कोलकाता के साल्टलेक इलाके में सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

# क्या पार्थ चट्टोपाध्याय को मिलेगी जमानत? पूजा से पहले जेल से बाहर आने की अटकलें

**कोलकाता :** शिक्षक नियुक्ति घोटाले में फंसे पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय की जमानत याचिका पर सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। हालांकि न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पार्थ को दुर्गा पूजा से पहले ही जेल से रिहाई मिल पाएगी।

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मामले में उन्हें हाल ही में जमानत मिल चुकी है। लेकिन सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में गिरफ्तारी के कारण वह जेल से बाहर नहीं आ सके। यदि इस मामले में भी उन्हें राहत मिलती है तो तीन साल बाद पहली बार वे जेल की चारदीवारी से बाहर आ सकते हैं।

साल 2022 में शिक्षक नियुक्ति घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने पार्थ चट्टोपाध्याय और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की थी। इसके बाद पहले अर्पिता और फिर पार्थ को गिरफ्तार किया गया। बाद में सीबीआई ने भी इस मामले में जांच शुरू की और पार्थ को 'शो ऑन अरेस्ट' दिखाया गया। तभी से वे प्रेसिडेंसी जेल में बंद हैं।

जेल में रहते हुए उन्होंने कई बार स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर जमानत की अपील की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब जबकि ईडी के मामले में उन्हें राहत मिल चुकी है, सबकी निगाहें सीबीआई के मामले के फैसले पर टिकी हैं। यदि यहां से भी उन्हें जमानत मिल जाती है तो संभव है कि दुर्गा पूजा से पहले ही वे जेल से बाहर आ जाएं।

# कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम सेवानिवृत्त

❑ **कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति सौमेन सेन**

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति सौमेन सेन को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सोमवार को केंद्रीय विधि मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना में कहा गया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत 15 सितंबर को न्यायमूर्ति शिवज्ञानम के सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति सौमेन सेन को कोलकाता हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति सेन कोलकाता हाईकोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। उनका कार्यकाल 26 जुलाई 2027 तक रहेगा। न्यायमूर्ति सेन अपने कार्यकाल में अब तक कई महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय दे चुके हैं।

# एसआईआर की तैंयारी जोरों पर, ईआरओ और एईआरओ के लिए मंगलवार को विशेष वर्चुअल प्रशिक्षण

**कोलकाता :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत से पहले पश्चिम बंगाल में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोग के निर्देश के तहत मंगलवार को राज्य में विशेष वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में स्वयं राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल मार्गदर्शन देंगे।

सूत्रों के अनुसार, इस वर्चुअल प्रशिक्षण में राज्य के सभी इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) और एडिशनल इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) शामिल होंगे। प्रशिक्षण में विस्तार से बताया जाएगा कि एसआईआर प्रक्रिया को सुचारु रूप से कैसे संपन्न किया जाए, जानकारी की जांच कैसे की जाए,



सूची की बारीकियों पर कैसे ध्यान दिया जाए और शिकायतों का निपटारा किस तरह किया जाए।

इससे पहले सोमवार को राज्य के सीईओ कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंगलवार के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। आयोग का मानना है कि इस विशेष प्रशिक्षण से अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लागू कर पाएंगे।

# कोलकाता में ठगी का खुलासा, तीन गिरफ्तार, सोने के गहने बरामद

**कोलकाता :** कसबा थाना क्षेत्र में हुई एक ठगी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। 6 सितंबर की सुबह करीब 6 बजकर 30 मिनट पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने शिकायतकर्ता से बातचीत कर उसे झांसे में लिया और सोने के गहनों के बदले नोटों की गड्डी देने का वादा किया। आरोपी इतने विश्वासपूर्वक बोले कि महिला ने अपने सोने के गहने – एक जोड़ी सोने की बालियां और सोने जड़े लोहे के कड़े, जिनका कुल वजन करीब 4 ग्राम था – उन्हें सौंप दिए। लेकिन बदले में आरोपियों ने उसे कागज की गड्डी थमा दी और रुबी क्रॉसिंग, राजडांगा मेन रोड के पास से फरार हो गए।



मामले की जांच शुरू होते ही पुलिस को पुख्ता सूत्रों से जानकारी मिली और 11 सितंबर को इस वारदात में शामिल तीन आरोपियों को धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजा हलदार (46), लालू हलदार उर्फ गौतम (48) और अली हुसैन मोल्ला उर्फ बाबू (48) के रूप में हुई है। तीनों दक्षिण 24 परगना जिले के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया और उनकी निशानदेही पर शिकायतकर्ता के गहने बरामद कर लिए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों को मंगलवार, 16 सितंबर को अदालत में पेश किया जाएगा और रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि धोखेबाज किस तरह लोगों को आसान लालच दिखाकर ठगने की साजिश रचते हैं।



विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। दोनों के बीच लगभग 45 मिनट तक विचार-विमर्श हुआ। विपक्ष के नेता ने गृह मंत्री को दुर्गा पूजा के लिए कोलकाता आने का निमंत्रण दिया।

### आरजी कर कांडः पीड़िता के माता-पिता से हाईकोर्ट ने पूछा -
# 'क्राइम सीन पर क्यों जाना चाहते हैं?'

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या मामले में सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट में एक अहम सुनवाई हुई। पीड़िता के माता-पिता ने अदालत में अर्जी देकर उस जगह यानी क्राइम सीन को देखने की अनुमति मांगी, जहां उनकी बेटी के साथ अपराध हुआ था।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने पीड़िता के माता-पिता से सीधे सवाल किया कि वे आखिर किस कारण से घटनास्थल पर जाना चाहते हैं। उन्होंने टिप्पणी की, आप तो जांच एजेंसी नहीं हैं, फिर आप आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के क्राइम सीन पर क्यों जाना चाहते हैं? अदालत ने इस मुद्दे पर फिलहाल कोई फैसला नहीं सुनाया है और इस सप्ताह के भीतर फिर से सुनवाई होगी। तब यह स्पष्ट होगा कि परिवार को घटनास्थल पर जाने की अनुमति दी जाएगी या नहीं।

गौरतलब है कि पीड़िता के माता-पिता ने इससे पहले भी इसी मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन तब उन्हें शियालदह अदालत जाने का निर्देश दिया गया था। वहां से कोई राहत न मिलने पर वे दोबारा हाईकोर्ट पहुंचे हैं।

इस बीच, आरजी कर कांड से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई से न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष खुद को अलग कर चुके हैं। अब दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच की निगरानी और नए सिरे से जांच की मांग पर सुनवाई न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच करेगी।

# खेजुरी डबल मर्डर : हाईकोर्ट ने फिर मेडिकल बोर्ड गठन का आदेश दिया

**कोलकाता :** खेजुरी की डबल मर्डर मामले में सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने एक बार फिर नया मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। एसएसकेएम अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा किए गए दूसरे पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एक शव पर 24 चोटों और दूसरे शव पर कई चोटों के निशान का उल्लेख किया गया था। न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच ने राज्य स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिया है कि नया मेडिकल बोर्ड गठित कर इन चोटों की विस्तृत व्याख्या पेश की जाए।

अदालत ने साथ ही कहा है कि नया मेडिकल बोर्ड पूरी रिपोर्ट पर विस्तृत राय प्रस्तुत करेगा और यह रिपोर्ट 18 सितंबर तक अदालत में जमा करनी होगी। इस आदेश के बाद अब इस मामले की दिशा पर



सबकी नजरें टिक गई हैं।

गौरतलब है कि इस दोहरी मौत की घटना पर परिवार ने उचित जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद अदालत ने दोबारा पोस्टमॉर्टम का आदेश दिया था, जो एसएसकेएम अस्पताल में हुआ। जांच में पाया गया कि पहली और दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पूरी तरह अलग हैं।

पहले मिदनापुर मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट में मौत का कारण बिजली के करंट से लगना बताया गया था, जबकि दूसरी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से चोटों के निशान का उल्लेख था। इन दो विपरीत रिपोर्टों को लेकर विवाद और गहराया। परिवार ने सीबीआई जांच की मांग भी की, लेकिन अदालत ने सीआईडी जांच पर भरोसा जताया।

बाद में परिवार ने सिंगल बेंच के सीआईडी जांच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच का रुख किया। न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई, जिसमें केस डायरी और पहली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट तलब की गई। लंबी सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सोमवार को नया मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया।

# कोलकाता में डेंगू का प्रकोप, नगर निगम ने बढ़ाई निगरानी



**कोलकाता :** दुर्गा पूजा से पहले ही शहर में डेंगू का संकट गहराने लगा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस साल 10 अगस्त तक कोलकाता में डेंगू के 290 मामले दर्ज हुए थे। लेकिन 7 सितंबर तक यह संख्या बढ़कर 509 हो गई। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 370 लोग संक्रमित हुए थे। केवल पिछले एक महीने में ही 219 नए मामले सामने आए हैं। पिछले दो हफ्तों में ही 131 लोगों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है। शहर में बीच-बीच में हो रही हल्की बारिश और बढ़ी नमी ने एडीज मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर दिया है। कीट विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में संक्रमण और तेज़ी से फैल सकता है। इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग पूरी सतर्कता बरत रहा है। डेंगू प्रभावित सात वार्डों को चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी और अभियान चलाया जा रहा है। दुर्गा पूजा के पंडालों के लिए होने वाले गड्ढों में पानी न जमे, इस पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। हालांकि नगर निगम का कहना है कि लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद कई लोग लापरवाही बरत रहे हैं। जांच के दौरान लगभग हर 10 में से 6 घरों में फ्रिज, कूलर और ट्रे में जमा पानी पाया गया है। यही लापरवाही डेंगू के फैलाव का सबसे बड़ा कारण बन रही है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे घरों और आस-पास पानी न जमने दें और डेंगू से बचाव के उपायों का सख्ती से पालन करें।

# साहित्यकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती पर ममता ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महान साहित्यकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती पर सोमवार को उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि शरत चंद्र की रचनाएं सरल भाषा में मानवीय जीवन के सुख-दुख, प्रेम-विरह और सामाजिक अन्याय को जिस कौशल से चित्रित करती हैं, उसकी तुलना विश्व साहित्य में दुर्लभ है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उल्लेख किया कि शरतचंद्र की अमर कृतियां, 'श्रीकांत', 'पथेर दाबी', 'दत्ता', 'गृहदाह' और 'देवदास', ने न केवल बंगाली साहित्य और संस्कृति को समृद्ध किया बल्कि उन्हें अमर भी बना दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के निवास स्थानों को संरक्षित और विकसित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। हावड़ा के देउलटी स्थित उनके हेरिटेज घर का जीर्णोद्धार किया गया है, जहां अब बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए सड़क, बिजली, पानी और प्रकाश की व्यवस्था की गई है। साथ ही, वहां एक 'शरत स्मृति उद्यान और सूचना केंद्र' भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा, हुगली के देवानंदपुर में स्थित उनके जन्मस्थल के नवीनीकरण के लिए सरकार ने 1.82 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। ममता ने कहा कि जल्द ही यह स्थान भी राज्य के पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरेगा। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि भारतीय साहित्य और सिनेमा शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के प्रति सदैव ऋणी रहेगा।


**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Bhagyalaxmi Amma Mother of No: JC-387447K, Rank-Submaj, Name: Venkata Reddy O R residing at Vill: Narasimhuni Palle, PO: Narashima Palle, Sub Dist. Giddalur, Dist. Prakasam, State: Andhra Pradesh, Pin: 523369 do hereby declared that My Name wrongly mentioned as Bhagya Laxmamma and D.O.B-1/7/1956 Instead of Name Bhagyalaxmi Amma and D.O.B: 01/01/1963 in My son's Service records that I will be known as Bhagyalaxmi Amma and D.O.B 1/1/1963 by Vide affidavit before the Notary Public Biplab Sardar (Regd. No. 06/2016) at Alipore dated 12.09.2025

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरईपी-आईपीएस-26एसटीएन-25-26, दिनांक: 12.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरईपी-आईपीएस-26एसटीएन-25-26** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** उम्र सह स्थिति के आधार पर पुराने आईपीएस की बदली। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,15,76,948/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,07,900/-**निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 12.09.2025 को 13.24 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 22.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www. ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-292/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र. : सीनियर डी.ई.ई. (आर.एस. अँन्ड जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./ 25-26-20 Dtd: 10.09.2025**

**कार्य का नाम : 1.** विद्युत भाग का कार्य: ब्रजराजनगर में स्वास्थ्य इकाई का निर्माण। **2.** BSP डिवीजन में UTS/PRS स्थानों के दोषपूर्ण/पुराने UPS का प्रतिस्थापन।

**निविदा मूल्य :** रू. 59,45,282/- **अमानत राशि:** रू. 1,18,900/- **निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 09/10/2025, 15:00 बजे

विस्तृत जानकारी /निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर / देख सकते है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (आर. एस. एवं सामान्य) द.पू.म.रे., बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/315

South East Central Railway @secrail

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/697, दिनांक 12.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3388, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन बाली गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 54,37,644/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,08,800/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3389, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत हरिनसिंग गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 73,43,890/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,46,900/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3379, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन (1)/हावड़ा के अधीन तारकेश्वर गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 44,99,275/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 90,000/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 4, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3452-आर, कार्य का नाम :** "हावड़ा मंडल के तहत हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) (14 अदद) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,31,555/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 4,600/-, **पूर्णता अवधि:** 60 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) और दिनांक 09.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 3 एवं 4 प्रत्येक के लिए)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-295/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**मासिक पारिश्रमिक के आधार पर संकेत एवं दूरसंचार विभाग में सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति**

रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या ई(एनजी)II/2024/आरसी-4/9, दिनांक 15.10.2024 के अधीन मेट्रो रेलवे, कोलकाता संकेत एवं दूरसंचार विभाग में इंस्ट्रक्टर/एस एंड टी के पद के लिए भारतीय रेल से सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक के आधार पर फिर से नियुक्त करने जा रही है। और अधिक जानकारी के लिए **https://mtp.indianrailways.gov.in** देखें और **"NEWS & ANNOUNCEMENT>RECRUITMENT INFO>RE-ENGAGEMENT"** पर जाएँ।

**उप मुख्य कार्मिक अधिकारी-I**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.-WBMAD/ULB/SRMP/NIT-27/2025-26, Date-15/09/2025.** Name of work- Repairing of Areas of Danish Khal at ward No. 07, 03, 04 and 05. Bid Submission Start Date (online) : **15/09/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **10/10/2025 at 14.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **13/10/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.-WBMAD/ULB/SRMP/NIT-26/2025-26, Date-15/09/2025.** Name of work- Construction of Mezzanine Floor Above Tax and General Department at Serampore Municipality. Bid Submission Start Date (online) : **15/09/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **10/10/2025 at 14.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **13/10/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**हावड़ा और तारकेश्वर के बीच एक जोड़ी नई ईएमयू ट्रेन**

यात्रियों की सुविधा के लिए, हावड़ा और तारकेश्वर के बीच एक जोड़ी नई ईएमयू सेवा अर्थात 37355/37358 **हावड़ा – तारकेश्वर – हावड़ा** लोकल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची के अनुसार मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकते हुए दिनांक 16.09.2025 से दैनिक आधार पर चलेगी:

| हावड़ा – तारकेश्वर | | 37355 ↓ 37358 ↑ | तारकेश्वर – हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| -- | 06.45 | हावड़ा | 10.25 | -- |
| 07.23 | 07.25 | सेवड़ाफुली | 09.43 | 09.45 |
| 08.25 | -- | तारकेश्वर | -- | 08.50 |

विस्तृत समयसूची के लिए, कृपया संबंधित स्टेशन अधीक्षक/स्टेशन प्रबंधक से संपर्क करें।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · EDUCATION · OBITUARY
PROPERTY · NAME CHANGE · REMEMBRANCE
RECRUITMENT · PUBLIC NOTICE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने 'स्पेशल एडूकेशन' शिक्षकों की भर्ती के लिए जारी की अधिसूचना



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने प्राथमिक स्तर पर 'स्पेशल एडुकेशन' शिक्षकों की सीधी भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में कुल 2,308 रिक्त पद भरे जाएंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए। आवश्यक योग्यताओं में शामिल हैं – आरसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से विशेष शिक्षा में डी.एड. या समकक्ष डिप्लोमा और वैध सीआरआर नंबर। इसके अलावा, समावेशी शिक्षा में न्यूनतम छह महीने का प्रशिक्षण होना आवश्यक है। 1 जनवरी, 2025 तक, उम्मीदवार की आयु 20 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विशेष रूप से सक्षम उम्मीदवारों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। शिक्षण माध्यम के संदर्भ में, उम्मीदवार को उस स्कूल के विशिष्ट विषय या भाषा को पढ़ाने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। जो लोग पहले ही टीईटी पास कर चुके हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन कुल 100 अंकों के आधार पर किया जाएगा – टीईटी के लिए 80 और कक्षा शिक्षण व साक्षात्कार के लिए 20 अंक। आवेदकों को ज़िले में पदस्थापन के लिए अपनी प्राथमिकता ज़िला प्राथमिक विद्यालय परिषद (डीपीएससी) या प्राथमिक विद्यालय परिषद (पीएससी) को बतानी होगी। हालांकि, अंतिम चयन रिक्ति और भाषा श्रेणी पर निर्भर करेगा। सामान्य उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 600 रुपये और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस और विशेष रूप से सक्षम उम्मीदवारों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। बोर्ड ने कहा है कि पदों का आवंटन आरक्षण नियमों के अनुसार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन एकत्र करने और जमा करने की विशिष्ट तिथि और प्रक्रिया की घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। बोर्ड ने बताया है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## बागदा के स्कूल में सहायक प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से दुर्व्यवहार का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**



उत्तर 24 परगना के बागदा स्थित हेलेंचा उच्च विद्यालय में सोमवार को सहायक प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से अश्लील व्यवहार और अनुचित इशारे करने का मामला सामने आया है। मामला इतना बढ़ा कि आक्रोशित छात्रों के विरोध और मारपीट की घटना में आरोपित सहायक प्रधानाध्यापक घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, कक्षा 11वीं की कुछ छात्राएं सबसे पहले विद्यालय परिसर में इकट्ठा हुईं और वार्षिक परीक्षा का बहिष्कार करते हुए सहायक प्रधानाध्यापक के विरुद्ध नारेबाजी शुरू की। देखते-ही-देखते अन्य छात्र-छात्राएं भी आंदोलन में शामिल हो गए। आरोप है कि सहायक प्रधानाध्यापक छात्राओं पर अभद्र टिप्पणी करते थे, अनुचित इशारे करते थे और रात में फोन करके परेशान भी करते थे। इसी मामले को लेकर छात्रों का कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो हम परीक्षा नहीं देंगे। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाते ही बागदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची जब पुलिस ने आरोपित शिक्षक को घेराव से बाहर निकालने का प्रयास किया, तब छात्रों ने विरोध किया। इसी दौरान हुई धक्का-मुक्की में सहायक प्रधानाध्यापक के सिर में चोट लग गई। बाद में, गुस्साए छात्र-छात्राओं ने बागदा थाने के सामने भी धरना देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सहायक प्रधानाध्यापक ने सभी आरोपों से इंकार किया है। उनका कहना है कि यह सब एक 'षड्यंत्र' है। उनके अनुसार, कुछ सहशिक्षक नहीं चाहते कि वह प्रधानाध्यापक पद की ज़िम्मेदारी संभालें और इसी कारण उनके विरुद्ध छात्रों को भड़काया गया है। पुलिस ने बच्चों को आश्वासन दिया है कि अगर सह प्रधानाध्यापक आरोपित पाए जाते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोलकाता में इनड्राइव के साथ मनाएँ दुर्गा पूजा

**कोलकाता :** इस दुर्गा पूजा पर इनड्राइव आपको ले जाएगा बंगाल के सबसे बड़े त्योहार के और करीब। जब पंडाल हॉपिंग अपने चरम पर हो, तो इनड्राइव – भारत का इकलौता राइड-हेलिंग ऐप जो अपने यूनिक फेयर बार्गेनिंग मॉडल के लिए जाना जाता है – जो यात्रियों और ड्राइवर्स – दोनों के लिए त्योहारी यात्रा को आसान, किफ़ायती और ज़्यादा फ़ायदेमंद बना रहा है। इनड्राइव के कैब बुकिंग और मार्केटिंग लीड अविक कर्माकर ने कहा कि इनड्राइव में, हम चाहते हैं कि लोग बिना पार्किंग की टेंशन या महंगे किराए की चिंता किए, एक पंडाल से दूसरे पंडाल तक खुलकर सेलिब्रेट करें। हमारे फेयर प्राइस और फ्रीडम ऑफ़ चॉइस मॉडल के साथ, राइडर्स को मिलता है सही सौदा और ड्राइवर्स को उनकी मेहनत का बड़ा हिस्सा।

## बशीरहाट में टॉर्च को लेकर हुई बहस में युवक की हत्या, नाबालिग गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट थाना अंतर्गत गोठरा ग्राम पंचायत के तेघरिया इलाके में रविवार की रात मछली पकड़ने जाते समय टॉर्च को लेकर हुई तीखी बहस के बाद एक किशोर ने युवक की हत्या कर दी। युवक पर कथित तौर पर ईंट से वार किया गया। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई। पुलिस ने किशोर को गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान तूफान मंडल (25) के रूप में की गई है। वह तेघरिया इलाके का निवासी था। और आरोपी नाबालिग का नाम जीत मंडल (17) है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार की रात करीब 10 बजे तूफान और जीत मछली पकड़ने के लिए अपने घर से निकले थे। थोड़ी देर बाद सड़क पर चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्य दौड़े तो देखा कि युवक तूफान लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। स्थानीय निवासियों ने आनन-फानन में तूफान को सड़क से उठाया और बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही इलाके में तनाव फैल गया। खबर मिलते ही पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जीत ने तूफान मंडल के सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या क्यों की। स्थानीय निवासियों का दावा है कि तूफान और किशोर के बीच तूफान के हाथ में टॉर्च को लेकर बहस हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप किशोर ने सड़क किनारे पड़ी एक ईंट उठाकर तूफान के सिर पर दे मारी। नतीजतन, वह वहीं गिर पड़ा। ईंट लगने से तूफान की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के सही कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## कालना में भीषण सड़क हादसा, बस और डंपर की टक्कर में 20 यात्री घायल



**पूर्व बर्दवान :** जिले के कालना के नंदाई दुर्गापुर रेलगेट के पास सोमवार की सुबह एक निजी बस और डंपर की आमने-सामने टक्कर में कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल कालना महकमा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यात्रियों से भरी बस सोमवार को कृष्णानगर से आसनसोल जा रही थी। उसी समय सामने से आ रहे डंपर ने एक टोटो को ओवरटेक करने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार से आकर बस से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ज्यादातर यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। बाद में, पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। हादसे में बस चालक वाहन के मलबे में फंस गए थे। गैस कटर की मदद से बस का हिस्सा काटकर उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, डंपर चालक भी घायल हुआ है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि डंपर चालक की भूमिका की जांच की जा रही है और जरूरत पड़ने पर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे की जानकारी मिलते ही राज्य के मंत्री स्वप्न देवनाथ, कालना नगरपालिका के वाइस चेयरमैन तपन पोरेल और महकमा पुलिस अधिकारी राकेश चौधरी अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। कालना के एसडीपीओ राकेश चौधरी ने कहा कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह दुर्घटना आखिर किस तरह हुई।

## मालदह में फिर शूटआउट, तृणमूल कार्यकर्ता हत्याकांड के गवाह को मारी गोली

**मालदह :** जिले के इंग्लिशबाजार थाना अंतर्गत अमृति के कानाईपुर इलाके में रविवार की रात शूटआउट की घटना घटी। जानकारी के अनुसार, कुछ अज्ञात बदमाशों ने एक ठेकेदार को निशाना बनाकर उस पर गोलियां चला दीं। घायल ठेकेदार को गंभीर हालत में मालदह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति का नाम आतिमुल मोमेन (33) है। वह पेशे से ठेकेदार हैं और मजदूरों के साथ काम करते हैं। उनका घर अमृति के बानिया गांव में है। रविवार की रात अमृति पेट्रोल पंप के पास कानाईपुर इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने बहुत करीब से उन पर गोली चला दी और फरार हो गए। उनकी छाती में गोली लगी है और डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को नाजुक बताया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार आतिमुल, तृणमूल कार्यकर्ता अबु कालाम आजाद की हत्या के गवाह हैं। अबु कालाम आजाद की हत्या 10 जुलाई को इंग्लिशबाजार के लक्ष्मीपुर इलाके में हुई थी। उस हत्याकांड में लक्ष्मीपुर के तृणमूल नेता माइनुल शेख और उसके बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आतिमुल के परिजनों और करीबी लोगों का आरोप है कि वे उसी हत्याकांड में गवाह होने की वजह से अपराधियों के निशाने पर आए। इसी कारण उन्हें रास्ते से हटाने की कोशिश की गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वारदात के पीछे कौन लोग हैं। घटना की सूचना मिलते ही इंग्लिशबाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल एवं प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सदगुरु सेवा ट्रस्ट के माध्यम से जरुरतमंदों में भोजन वितरण



**हावड़ा, समाज्ञा :** सदगुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा दरिद्रनारायण भोज के लिये धर्मेंद्र ठाकुर ने अपने स्व. पिता श्रीनिवास जी एवं स्व. दादाजी रघुवीर जी तथा समस्त पूजनीय पितरों की आत्मा की शांति और उनसे आशीर्वाद की प्राप्ति हेतु भोज का आयोजन करवाया। प्रतिदिन होने वाले इस भोज का आयोजन चलित वाहन द्वारा फुटपाथ पर रहने वाले वृद्ध और लाचार लोगों के लिए बेलिलियस रोड होते हुए हावड़ा रेल म्यूजियम के आस-पास और अंततः पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास समापन हुआ।

### सदगुरु सेवा ट्रस्ट ने 200 से अधिक जरुरतमंदों में किया भोजन वितरण

सदगुरू सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन आयोजित होने वाले सामूहिक भोज का आयोजन राजेंद्र प्रसाद राय अपने स्व. पिता सूरज राय की आत्मा की शांति के लिए करवाया। इस भोज का आयोजन हावड़ा के बेलिलियस रोड होते हुए चलित वाहन के माध्यम से भोजन का वितरण हावड़ा के फुटपाथ पर रहने वाले लोगों के बीच हुआ। इसका समापन गंगा किनारे स्थित ग्रैंड फ्रेशर रोड स्थित पंचमुखी मंदिर पर हुआ। 200 से ज्यादा लोगों के आयोजित इस दरिद्रनायण भोज में वार्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय, जे एस राय और अश्विनी कुमार सिंह शामिल हुए।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत किरनाहर स्टेशन पर सौंदर्यीकरण कार्य संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अहमदपुर-कटवा सेक्शन स्थित किरनाहर स्टेशन क्षेत्र में उल्लेखनीय सौंदर्यीकरण कार्य किया है। इस पहल के तहत एलसी नं. 5/सी/टी के पास 95÷5 वर्ग मीटर क्षेत्र को हरित पट्टी में बदलकर यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए पर्यावरण अनुकूल व आकर्षक स्थल तैयार किया गया। इस दौरान झाड़ियों की सफाई, 255 पौधों का रोपण, आयरन ग्रिल फेंसिंग के साथ नेटिंग, नियमित सिंचाई हेतु पाइपलाइन की व्यवस्था तथा निरंतर देखरेख के लिए पीडब्ल्यूआई यूनिट गैंग की जिम्मेदारी तय की गई। लगाए गए पौधों में इक्षोरा, टगर और बूगनवेलिया जैसे फूलदार पौधे तथा झाऊ और पाताभार जैसे सजावटी पौधे शामिल हैं, जो स्टेशन परिसर की सुंदरता और स्थायित्व दोनों को बढ़ाते हैं। इस पहल में इंजीनियरिंग, आरपीएफ, पी-वे स्टाफ सहित स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। स्थानीय मीडिया ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे पूर्वी रेलवे में विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी का आदर्श उदाहरण बताया है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे में हिंदी प्रचार-प्रसार हेतु राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के गार्डनरीच स्थित मुख्यालय में सोमवार को राजभाषा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस समारोह में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, नरेंद्र, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान वित्त सलाहकार, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी निबंध, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी, दिनकर जयंती और सुलेख प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। अपने संबोधन में



महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष अपने संवैधानिक दायित्व के रूप में राजभाषा हिंदी के प्रयोग और प्रसार का संकल्प लेते हैं। इसी क्रम में 14 से 28 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे और मुझे विश्वास है कि सभी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस दिन महाप्रबंधक कक्ष में अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका सफल संचालन बसंती टेटे, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया। अंत में मुख्य राजभाषा अधिकारी नरेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से पहले 'अर्ली डील्स' की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने अपने सबसे बड़े वार्षिक शॉपिंग उत्सव अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 से पहले 'अर्ली डील्स' की शुरुआत की है। यह ऑफर 13 सितंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि मुख्य फेस्टिवल 23 सितंबर से शुरू होगा। प्राइम सदस्यों को 24 घंटे पहले से विशेष एक्सेस मिलेगा। ग्राहक इस दौरान एक लाख से अधिक उत्पादों पर साल की सबसे कम कीमतों का लाभ उठा सकेंगे। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी और घरेलू उपकरणों पर 80% तक की छूट दी जाएगी। इसके अलावा, अमेजन डिवाइसेज जैसे ईको, फायर टीवी और किंडल पर 50% तक की छूट मिलेगी। बैंकिंग ऑफरों के तहत एसबीआई कार्डधारकों को 10% की तत्काल छूट और अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्डधारकों को असीमित कैशबैक मिलेगा। अमेजन पे के जरिये फ्लाइट, होटल और बस बुकिंग पर भी भारी छूट दी जाएगी। इस फेस्टिव सीजन को खास बनाने के लिए अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर नई वेब सीरीज और फिल्में लॉन्च करेगा।

## चिरेका में नवीनीकृत जिम्नास्टिक्स हॉल का उद्घाटन



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में चिरेका/खेलकूद संगठन द्वारा बैडमिंटन हॉल के पास स्थित जिम्नास्टिक्स हॉल का नवीनीकरण किया गया है। इस नवीनीकृत जिम्नास्टिक्स हॉल का उद्घाटन 14 सितम्बर 2025 को मुख्य अतिथि विजय कुमार, महाप्रबंधक एवं संरक्षक, चिरेका खेलकूद संगठन तथा सम्मानित अतिथि श्रीमती किरण बधान, अध्यक्षा, चिरेका/महिला कल्याण संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। नवीनीकरण के बाद जिम्नास्टिक्स हॉल में विभिन्न आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं। उद्घाटन समारोह में विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, चिरेका खेलकूद संगठन के महासचिव, चिरेका/महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, वरिष्ठ अधिकारीगण, खेलकूद संगठन के सदस्य, उभरते जिम्नास्ट तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे। कुमार ने अपने संबोधन में खेलकूद संगठन को बधाई देते हुए कहा कि इस पुनर्निर्मित आधारभूत ढांचे से उभरते जिम्नास्टों को बेहतर अभ्यास सुविधा उपलब्ध होगी।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने 'कंपास 2025' के साथ दी नई पीढ़ी को दिशा



**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता ने बी.टेक और एम.टेक के नए छात्रों के लिए चार दिवसीय इंडक्शन और ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'कंपास 2025' का आयोजन किया। 10 से 13 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, वेलनेस, तनाव प्रबंधन और पोषण जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के पहले दिन कॉनफ्लुएंस 2025- न्यू पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्वामी वेदातीतानंदजी महाराज (रामकृष्ण मिशन शिल्पमंदिर, बेलूर मठ) ने कहा कि शिक्षा केवल बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र और आंतरिक शक्ति का निर्माण भी करती है।

उद्घाटन सत्र में प्रो. विभा टंडन, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईसीबी ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों को विज्ञान और तकनीक को समाज से जोड़ने और जिज्ञासा, साहस तथा करुणा को अपनाने का संदेश दिया। वहीं, सज्जिद हुसैन, कॉग्निजेंट कोलकाता ने कहा कि आज की दुनिया में अनुकूलनशीलता और आलोचनात्मक सोच भविष्य की सफलता की कुंजी हैं।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल, ने कहा कि हेरिटेज शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपास और कॉनफ्लुएंस छात्रों को सक्षम इंजीनियर और जिम्मेदार नागरिक बनने का अवसर देते हैं। प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी ने नए छात्रों को आत्मविश्वासी प्रोफेशनल और संवेदनशील नागरिक बनने की सीख दी। वहीं, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, प्रिंसिपल एडवाइजर – उच्च शिक्षा प्रो. सौविक भट्टाचार्य ने शिक्षा को ज्ञान और अनुप्रयोग के बीच सेतु बताया।

## मुर्शिदाबाद में बम बनाते समय धमाका, एक घायल



❑ **उच्च माध्यमिक छात्र समेत तीन गिरफ्तार**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के रानीनगर इलाके में रविवार रात बम बनाने के दौरान जोरदार धमाका हो गया। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में एक उच्च माध्यमिक का छात्र है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चार लोग मिलकर कच्चा बम बना रहे थे। इसी दौरान एक बम अचानक फट गया और उनमें से एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल युवक को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

## डाबर और रेकिट ने मीशो मॉल के साथ साझेदारी की

**कोलकाता :** मीशो मॉल ने एफएमसीजी कंपनियों, डाबर एंड रेकिट के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी की मदद से उनके भरोसेमंद पर्सनल केयर उत्पाद पूरे भारत में उपलब्ध होंगे। इस सहयोग के साथ ही, ड्यूरेक्स, मूव, वीट, डेटॉल और डाबर जैसे लोकप्रिय ब्रांड खासकर टियर 2+ शहरों में मीशो के ग्राहकों को आसानी से मिल सकेंगे। यह साझेदारी भारतीय परिवारों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद आसानी से उपलब्ध कराने की उनकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। मीशो मॉल पर उनके पोर्टफोलियो के विस्तार से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स में मीशो मॉल की पहुँच मजबूत होगी।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने दुर्गा पूजा पर लॉन्च किया नया अपरूपा ज्वेलरी कलेक्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने दुर्गा पूजा के अवसर पर अपने नए अभियान 'अपरूपा' की शुरुआत की है। कंपनी ने इस अवसर पर नए डिजाइन की अपरूपा कलेक्शन पेश की है। 'अपरूपा' का अर्थ है बेजोड़ सौंदर्य, जो परंपरा, गरिमा और ताकत का संगम है।

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर और हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिजाइन, जोइता सेन ने कहा कि पूजा नारी शक्ति और अपने फैशन स्टाइल का उत्सव है। हम गर्व के साथ एंटीक गोल्ड, डायमंड और पोल्की में अपरूपा कलेक्शन लॉन्च कर रहे हैं। यह पारंपरिक भव्यता को आधुनिक अंदाज में पेश करता है। हम सभी को एक स्टाइलिश और फैशनेबल पूजा की शुभकामनाएं देते हैं। वहीं, कंपनी के



एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि अपरूपा अभियान आत्मविश्वास और शालीनता के साथ इस पर्व को मनाने की प्रेरणा देता है। ग्राहकों के लिए हमने कई शानदार ऑफर्स भी पेश किए हैं। ऑफर्स में गोल्ड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 25% तक की छूट और 100 प्रति ग्राम तक की बचत, डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 50% तक की छूट और डायमंड वैल्यू पर 10% तक की छूट, प्लेटिनम ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 15% तक की छूट, ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज पर 0% डिडक्शन और 10,000 के हर ट्रांजैक्शन पर 100 का गिफ्ट वाउचर शामिल हैं। ये ऑफर्स 5 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक सभी शोरूम्स पर मान्य रहेंगे।

## अधर्म कभी भी नहीं बन सकता है धर्म: आचार्य श्रीकांत शास्त्री 'बाल व्यास'

**कोलकाता :** जीवन मिला है तो नित्य संतों का संग करो। सत्संग करने से भगवान से प्रीति हो जाती है। मानव तन मिला है तो भगवान का भजन करो। भजन करने से जीवन में धर्म आता है। मनुष्य को जीवन से धर्म नहीं निकालना चाहिए।दुर्भाग्य है, आज कुछ लोगों ने जुआं और मदिरा को अपना धर्म बना लिया है।यह पाप है तो पाप है। कुसंगति पाप है तो पाप है। अधर्म कभी धर्म नहीं बन सकता। राजा परीक्षित को जब श्रृंगी ऋषि ने श्राप दे दिया, आज के सातवें दिन तक्षक के डसने से तू मर जाएगा क्योंकि तूने मेरे पिता शमीक ऋषि के गले में मृतक सांप डाला है। इस श्राप को सुनकर राजा परीक्षित न अस्त हुए न व्यस्त। न ही दुखी हुए और न ही व्यग्र। राजा परीक्षित को भरोसा है, जिसने गर्भ में मेरी रक्षा किया है, वह आगे भी



करेगा। भयभीत हुए बिना राजा परीक्षित गंगा तट आए और पुकारे-' कोई संत आए, मेरा मार्गदर्शन करें, बताएं कि शेष जीवन के सात दिन मुझे क्या करना चाहिए? और वह मुझे गोविन्द के गोद में बैठा दें। मैं ऋषिकुमार के श्राप बचना नहीं चाहता। चाहता हूं, गोविन्द से मेरा संबंध हो जाए। गोविन्द से संबंध होने पर जीवन सुधर जाएगा। ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा' बाल व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को गाय माता की सेवा करनी चाहिए। अपने जीवन को गाय से जोड़िए, एक दिन गोविन्द से जुड़ जाओगे मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है। कथा को सफल बनाने में बनवारी लाल सोती, सत्यनारायण देवरालिया, बृजमोहन गाड़ोदिया, प्रेमचंद ढांढनिया, बालकिसन नेवटिया अरुण केडिया, राहुल दीवान, प्रकाश केडिया, रामस्वरूप गोयनका, विनय मस्करा, अजय पोद्दार, सिद्धार्थ दीवान सहित अन्य सदस्य सक्रिय है। इस अवसर पर रामानंद रस्तोगी, राजेश केडिया, गिरीश माधोगढ़िया, शकुंतला दीवान, अंबिका बाजोरिया, संगीता चूड़ीवाल, रामकथावाचक पुरूषोत्तम तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा ने किया।

# पंडाल में मोदी की तस्वीर रखने की शर्त पर मचा बवाल, बंगाल बीजेपी के कदम से विवाद तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा से पहले ही बंगाल बीजेपी के एक फैसले ने राजनीतिक हलचल मचा दी है। खबर है कि कोलकाता के कुछ पूजा समितियों को बीजेपी की ओर से अनुदान देने का निर्णय लिया गया है, लेकिन इसके साथ एक शर्त भी जोड़ी गई है। शर्त के मुताबिक, अनुदान लेने वाली समितियों को अपने पंडाल के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगानी होगी।

सूत्रों के अनुसार, इस पहल के लिए मिथुन चक्रवर्ती की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है, जो यह तय करेगी कि किस क्लब को कितनी राशि दी जाएगी। हालांकि जैसे ही यह खबर सामने आई, विपक्षी दलों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और विवाद छिड़ गया। आलोचकों का कहना है कि पूजा जैसे धार्मिक आयोजन को राजनीति से जोड़ना उचित नहीं।

बीजेपी इस मामले को लेकर सफाई देते हुए कह रही है कि इसमें गलत कुछ नहीं है। उनका तर्क है कि जब राज्य सरकार द्वारा मदद मिलने पर पूजा समितियां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की तस्वीर लगाती हैं, तो बीजेपी द्वारा मदद दिए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर लगाने में आपत्ति क्यों होनी चाहिए।

## महालया पर महिलाओं को साड़ी देगी बीजेपी, मतदाताओं को साधने की कोशिश

दूसरी ओर, बंगाल बीजेपी महिला वोट बैंक को मजबूत करने के लिए नए कदम उठा रही है। खबर है कि महालया के अवसर पर राज्यभर की महिलाओं को साड़ी उपहार में दी जाएगी। यह योजना सीधे बीजेपी के नाम पर नहीं चलेगी, बल्कि पार्टी से जुड़े विभिन्न संगठन इसे अंजाम देंगे। जानकारी के मुताबिक, जिला स्तर पर पार्टी के नेताओं के माध्यम से साड़ी ब्लॉक तक पहुंचाई जाएगी और स्थानीय स्तर पर महिलाओं को दुर्गा पूजा उपहार के रूप में लाल-पैरे की पारंपरिक साड़ी दी जाएगी। माना जा रहा है कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को साधना और आगामी चुनावों से पहले उनके बीच समर्थन बढ़ाना है। पूजा अनुदान में मोदी की तस्वीर लगाने की शर्त और महिला वोटरों के लिए उपहार योजना, दोनों को लेकर बंगाल की राजनीति में एक बार फिर गरमी बढ़ गई है।

# जेयू छात्रा के माता-पिता ने कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से की मुलाकात

### ✒ छात्रा की मौत के मामले में पुलिस ने किया हत्या का मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) की दिवंगत छात्रा अनामिका मंडल के माता-पिता ने अपनी इकलौती बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए सोमवार को लालबाजार में कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। बता दें कि अनामिका के माता-पिता ने रविवार को कहा था कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने अपनी बेटी की मौत के मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। एक अधिकारी ने बताया कि माता-पिता सोमवार की सुबह कोलकाता पुलिस मुख्यालय, लालबाजार पहुंचे। उन्होंने पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और अपने अगले कदम के बारे में उनसे सलाह ली। कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने बताया कि वर्मा ने उनकी बात सुनी और मामले में त्वरित जांच का आश्वासन दिया। इस बीच, जांचकर्ताओं ने मामले में अनामिका के तीन दोस्तों से बात की। रविवार को चार अन्य दोस्तों से भी पूछताछ की गई थी। अधिकारी ने कहा कि वे अनामिका के करीबी दोस्त हैं। उनमें से एक दंपति है, जिसने उसे तालाब में तैरते देखा। वहीं, अन्य लोग उसे तालाब से निकालकर अस्पताल ले गए। समझा जाता है कि पुलिस 11 सितंबर की रात की घटना की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है। अनामिका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का प्राथमिक कारण 'डूबना' बताया गया है। घटना के बाद पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था और जांच शुरू की। संदेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि क्या अनामिका को किसी ने जानबूझकर पानी में धकेला था। मेरी बेटी ने शराब नहीं पी थी। अगर उसने सचमुच उस रात शराब पी थी, तो किसी ने उसके खिलाफ साजिश रची थी। मैं चाहता हूं कि पुलिस उस दुर्भाग्यपूर्ण रात घटनास्थल पर मौजूद उसके दोस्तों से पूछताछ करे। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के अपने फैसले की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि शुरुआत में हमने कहा था कि हमें उसकी मौत के लिए किसी पर शक नहीं है, लेकिन बाद में कुछ सवाल हमारे मन में उठते रहे। हम चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।

## मां फ्लाईओवर पर एक कार ने तीन अन्य कारों को मारी टक्कर

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर के मां फ्लाईओवर पर फिर हादसे की घटना सामने आई है। पता चला है कि चार कारें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि एक कार तेज रफ़्तार से आ रही थी और उसने लगातार तीन कारों को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, कुछ लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कारों को बरामद कर लिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के कारण फ्लाईओवर पर कुछ देर के लिए जाम भी लग गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, साइंस सिटी से पार्क सर्कस जाने वाली सड़क पर डिवाइडर के पास एक तेज़ रफ़्तार कार ने नियंत्रण खो दिया। अन्य चालकों ने बताया कि कार की गति कम से कम 80 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

## अमता में दो दुर्लभ प्रजाति के कछुए बरामद




**हावड़ा :** लगातार बारिश के बीच अमता के शिवेरहाना इलाके से दो दुर्लभ प्रजाति के कछुए स्थानीय लोगों ने बरामद किए। सूचना मिलते ही चंद्रपुर फाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और कछुओं को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में चंद्रपुर थाने के एसआई स्वर्णवा रॉय की पहल पर सोमवार को इन दोनों कछुओं को वन विभाग के हवाले कर दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से इन दुर्लभ प्रजाति के जीवों की रक्षा संभव हो सकी।

## बैरकपुर में एनडीए परीक्षा में 23 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए



**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय (केवी) में रविवार को एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) की परीक्षा के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। परीक्षा शुरू होते ही परीक्षा केंद्र में मौजूद अधिकारियों को 23 संदिग्ध परीक्षार्थियों पर शक हुआ। जांच करने पर पता चला, ये सभी फर्जी परीक्षार्थी थे, जो किसी और के स्थान पर परीक्षा देने आए थे। परीक्षा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए इन सभी को पकड़ लिया और बैरकपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए 23 फर्जी उम्मीदवारों को बैरकपुर अदालत में पेश किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इनमें से अधिकतर आरोपी हरियाणा के निवासी हैं। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस फर्जीवाड़े के पीछे कोई बड़ा रैकेट है क्या। इस मामले में परीक्षा माफिया और दलालों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। बैरकपुर पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# हुगली में बाइक के नाम पर पर्दाफाश हुई बुजुर्ग की चोरियों की कहानी



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंडीतला में एक बुजुर्ग के घर से चोरी की मोटरसाइकिलें और अन्य कीमती सामान बरामद होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि चांद बाबू नामक यह बुजुर्ग मोटरसाइकिल और अन्य कीमती सामान को गिरवी रखकर ऊंचे ब्याज पर कर्ज देता था, लेकिन इसके पीछे की सच्चाई कुछ और ही निकली। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चंडीतला के गरलगाछा बरीजहाटी इलाके में चांद बाबू के घर पर छापेमारी की। छापे के दौरान वहां से 8 मोटरसाइकिल, 1 टोटो, 12 ग्राम सोने के आभूषण, 185 ग्राम चांदी के आभूषण, 6 मोबाइल फोन और 1,72,000 नकद बरामद किए गए। पूछताछ में चांद बाबू किसी भी सामान के वैध दस्तावेज दिखाने में असमर्थ रहे। चंडीतला एसडीपीओ तमाल सरकार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चांद बाबू चोरी के सामान को गिरवी रखकर ऊंचे ब्याज पर लोगों को पैसा देता था। बाद में, इन सामानों की तस्करी कर दी जाती थी। पुलिस को शक है कि आरोपी का संबंध स्थानीय आपराधिक गिरोहों से है। पुलिस ने आरोपी को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है।

## रेल फाटकों पर सुरक्षा नियमों का पालन करना है अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल ने रेल फाटकों पर लगातार बढ़ रही लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए यात्रियों और वाहन चालकों से सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन करने की अपील की है। मंडल ने कहा कि अधीर वाहन चालकों द्वारा फाटक तोड़ने या बंद होते गेट से गुजरने की घटनाएं गंभीर हादसों का कारण बन सकती हैं और रेल व सड़क दोनों यातायात को बाधित करती हैं। सियालदह मंडल ने जानकारी दी कि कई स्थानों पर वाहन चालक गेटमैन को गेट बंद करने से रोकते हैं या गेट की बूम तोड़ देते हैं। वहीं, छोटे वाहन और पैदल यात्री भी बंद फाटक से जबरन गुजरने का प्रयास करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इन घटनाओं से ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित होती है और सड़क यातायात भी लंबे समय तक बाधित रहता है। रेलवे ने चेतावनी दी है कि बंद या बंद होते फाटक, बजर बजने या लाल संकेत दिखने पर किसी भी हालत में ट्रैक पार करने का प्रयास न करें।

## मणिपाल अस्पताल ईएम बाईपास ने आधुनिक हृदय रोग देखभाल में दिखाई नई राह

**बहरमपुर :** मणिपाल हॉस्पिटल्स ने बहरमपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सफल ट्रांजिशन के बाद मणिपाल हॉस्पिटल ईएम बाईपास की शुरुआत की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. कुनाल सरकार, डायरेक्टर - कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जरी, ने बताया कि यह एकीकरण पूर्वी भारत में रोगी-केंद्रित हृदय सेवाओं को और मजबूत करेगा। मणिपाल हॉस्पिटल्स अब पूर्वी भारत का सबसे बड़ा हॉस्पिटल नेटवर्क बन चुका है। इन सुविधाओं में 1,200 बेड, 450 से अधिक आईसीयू बेड, सात कैथ लैब्स और 1,100 से अधिक डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। डॉ. सरकार ने कहा कि हॉस्पिटल ने ढाकुरिया यूनिट में पहला वायरलेस पेसमेकर इंजेक्टेबल एआई प्रोसिजर और ईएम बाईपास यूनिट में 50 से अधिक टीईवीएआर प्रक्रियाएं पूरी की हैं।

# तेरापंथी भवन में महामंत्र जाप और आगामी क्षमायाचना कार्यक्रम की तैयारी संपन्न





**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री हंसराज लक्ष्मीचंद कामाणी जैन मवन के नेतृत्व में तेरापंथी भवन में डॉ चंदनाजी स्वामी, डॉ अक्षय ज्योति स्वामी और अन्य ठाणा 8 के सान्निध्य में महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जैन समाज के कई सभ्य और दूर-दराज के इलाकों सहित अन्य क्षेत्रों से लोग भी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत स्वामी जी द्वारा महामंत्र का जाप कर शरूआत की गई, जिसके बाद भजन प्रस्तुति दी गई। इस दौरान समस्त जैन समाज और जीटो संस्था की ओर से 21 सितंबर 2025 को नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले क्षमायाचना कार्यक्रम की रूपरेखा संदीप जैन और चंद्रेश मेघाणी द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही, सभी को कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया गया। जिनमें नवलखा उपाश्रय के अध्यक्ष चंद्रेश (रोमी) मेघाणी, कामाणी जेन मवन के अध्यक्ष अतुल दोषी, अहिंसा भवन के अध्यक्ष हरेश जैन, पाण महिला मंडल की अध्यक्ष कल्पना बाखड़ा, गौरव जैन, दिलेश पटेल, रमणीकभाई खारा, किती शेठ, अरुणाबेन शाह, किरीट मेहता, वीरप्रकाश जैन, हर्षद शेठ, प्रफुलभाई मोदी, जयेश मेहता, हरेश मोदी, नटुभाई पटेल, मनीष दोषी और अन्य उपस्थित थे।

## 17 सितंबर को विश्व स्तर पर रक्तदान अमृत महोत्सव का भव्य महाअभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (एमबीडीडी) आगामी 17 सितंबर को 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' के माध्यम से विश्व में एक दिन में सर्वाधिक रक्तदान का रिकॉर्ड बनाने का महाअभियान आयोजित करने जा रही है। देश के 350 से अधिक शाखाओं और युवाओं के सक्रिय सहयोग से यह अभियान नगरों, कस्बों और ग्रामीण अंचलों में संचालित होगा। इस वर्ष देश और विदेशों में 7,500 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन कर लगभग 3,00,000 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व क्षेत्रीय संयोजक सुनील दुगड़ ने बताया कि 2012 से यह अभियान चलाया जा रहा है और अब तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित कई पुरस्कार प्राप्त किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अनंत बागरेचा ने कहा कि यह मुहीम स्वास्थ्य, युवा मामलों और शिक्षा मंत्रालय सहित 75 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन प्राप्त कर चुकी है। पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित होंगे, जिनमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोल इंडिया मुख्यालय, बागडोगरा हवाई अड्डा और मेट्रो रेल भवन शामिल हैं। टॉलीवुड अभिनेता श्री अर्जुन चक्रवर्ती ने सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। अभियान के संयोजक रोहित दुगड़ के साथ प्रमुख संयोजकों में राजीव बोथरा, नवीन सिंघी और अन्य शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री ने 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' की सराहना की

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा 17 सितंबर को आयोजित किए जा रहे 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' की सराहना की। उन्होंने इसे समाज सेवा और करुणा की परंपरा को आगे बढ़ाने वाला सराहनीय प्रयास बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विशाल रक्तदान शिविर देश की सेवा और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## श्रीरामपुर में तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर नगरपालिका के वार्ड 29 के प्रभास नगर इलाके में रविवार को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां 13 वर्षीय अंश प्रसाद की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक कक्षा सात का छात्र था और रिसड़ा विद्यापीठ हिंदी उच्च विद्यालय में पढ़ाई करता था। जानकारी के अनुसार, अंश तारापुकुर स्थित तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंश को तैरना नहीं आता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से अंश को बाहर निकाला। तुरंत उसे श्रीरामपुर वॉल्श अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर सत्यार्थ प्रकाश 150वीं वर्षगांठ में नवजागरण उत्सव का आयोजन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर आधुनिक हिंदी साहित्य की प्रथम गद्यपुस्तक सत्यार्थ प्रकाश (1875-2025) की 150वीं स्मृति वर्षगांठ पर नवजागरण उत्सव का आयोजन किया गया। प्रस्तुत संवाद संगोष्ठी की संकल्पना डॉ अरविंद सेठ द्वारा की गई। नवजागरण उत्सव का आयोजन आर्य समाज के प्रधान दीपक आर्य एवं मंत्री ध्रुवचंद जायसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। वेद प्रचार ट्रस्ट के अध्यक्ष योगाचार्य ओम प्रकाश मस्कारा द्वारा संकलित गीता-सार पुस्तक का विमोचन किया गया। विज्ञ वक्तागण में समाज्ञा के मुख्य संपादक अनिल कुमार राय, अंशुमान भारती राष्ट्रीय पुस्तकालय कोलकाता, मुख्य वक्ता में वानप्रस्थी रमेश मुनि (वेद सैनिक) आर्य समाज कलकत्ता, स्थानीय वक्ता पंडित योगेशराज उपाध्याय, विवेका गुप्ता, मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के अध्यक्ष हृदय नारायण मिश्रा, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, मुख्य संपादक आर्य संसार रहे। आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए आर्य समाज बड़ा बाजार के प्रधान आनंद देव आर्य , विशुद्धानंद अस्पताल के सेक्रेटरी डॉ महावीर प्रसाद अग्रवाल, आर्य समाज मल्लिकबाजार के पुस्तकाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता,आर्य समाज चाम्पदानी के राम जी आर्य, बजरंग दल के सुशील कुमार , महानगर जनकल्याण सेवा समिति गार्डनरीच के विजय राज गुप्ता और संतोष पांडे, वीरभूम विवेकानंद होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर किंगशुक गोस्वामी जी जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आचार्य दीपक कुमार पात्रा (बी.टेक) की देखरेख में संचालित वैदिक आर्षकन्या गुरुकुलम (कावड़चंडी, आमलहंडा, कोलाघाट) की ब्रह्मचारिणियों द्वारा वेदमंत्रों और गीता के श्लोकों का पाठ किया गया। इस दौरान नीलम साहनी, विकास हेला ने राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर गीतों की विशेष प्रस्तुति दी। सुषमा गोयल, जुगल किशोर गोयल, राजमणि वर्मा, मंसाराम वर्मा ने सहयोग व अनुभवी सुझावों से कार्यक्रम को भव्य बनाया। नीलम सोनी, सुनीता जायसवाल, विजय नंद जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल के विशेष सहयोग से संयोजक: डॉ अरविन्द सेठ, सह-संयोजक: विवेक जायसवाल (बल्लू) एवं नवीन प्रकाश वर्मा, स्वागत संयोजक: शिवकुमार अग्रहरि एवं डॉ कविता मोदी ने इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

## हावड़ा में फेरीवाले के वेश में चला रहा था हेरोइन का कारोबार, स्थानीय लोगों ने पकड़ा



**हावड़ा :** देखने में तो वह एक साधारण फेरीवाला था, लेकिन असलियत में खुलेआम नशे का कारोबार कर रहा था। हावड़ा के बांकरा इलाके में हेरोइन बेचते हुए आरोपी को स्थानीय लोगों ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम बांकरा के नया पाड़ा इलाके में दो युवकों के बीच झगड़ा शुरू हुआ। झगड़ा हाथापाई तक पहुंचते ही स्थानीय लोग बीच-बचाव करने आए। तभी पूरा मामला सामने आया। दरअसल, विवाद का कारण था हेरोइन की ऊंची कीमत। लोगों ने तुरंत आरोपी को घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। बांकरा फाड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी के पास से 200 से ज्यादा पैकेट हेरोइन बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह युवक लंबे समय से इलाके में नशे का धंधा कर रहा था। फोन के जरिए ग्राहकों से संपर्क करता और तय स्थान पर माल पहुंचाता। कई बार बाहरी लोग, खासकर अंदुल से आए खरीदार, यहां आकर उससे हेरोइन खरीदते थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह जांच की जा रही है कि आरोपी हेरोइन कहां से लाता था और इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। फिलहाल मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

# मुनि जिनेश कुमार के सानिध्य में मासखमण तप अभिनन्दन समारोह का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार ठाणा-3 के सान्निध्य में प्रीति दुगड़ व अदिति मुणोत के मासखमण तप की अनुमोदना में अभिनन्दन समारोह का आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा कलकत्ता पूर्वांचल ट्रस्ट द्वारा भिक्षु विहार में किया गया। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनिश्री जिनेशकुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्याग व तप का विशेष महत्व रहा है। जैन धर्म में तप को मोक्ष मार्ग माना गया है। तप से आत्मा शुद्ध होती है। तप इन्द्रीय विजय का सुगम पथ है। तप उज्ज्वलता की कहानी, संजीवन एवं जीवन का उपवन है। तप निर्धूम दीपशिखा है। आन्तरिक शक्तियों को उजागर करने का अचूक उपाय है तपस्या। मुनिप्रवर ने दोनों मासखमण कपस्विनी बहनों के तप की अनुमोदना करते हुए आध्यात्मिक उत्थान हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। मुनि कुणाल कुमार ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। सभा के मुख्य न्यासी बाबुलाल गंघ ने स्वागत वक्तव्य दिया। साध्वीप्रमुखाश्री के संदेशों का वाचन प्रमोद बरड़िया एवं अरूण दुगड़ ने किया। अभिनन्दन पत्र का वाचन अमरचन्द सिंघी व पन्नालाल बोथरा ने किया। आभार ज्ञापन मोहित घोषल ने किया। मुनिश्री परमानन्द ने कार्यक्रम का संचालन किया। विवेक दुगड़, पीयूष मुणोत तथा बाली-बेलुर सभा ने गीतिका का संगान किया।

## सियालदह रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान हुआ शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन और कमर्शियल विभाग के अधिकारियों ने स्टेशन पर यात्रियों और स्टॉल मालिकों के साथ बातचीत की और उन्हें स्टेशन परिसर में कचरा सही तरीके से डस्टबिन में डालने, रेलवे ट्रैक पर या प्लेटफॉर्म पर कचरा नहीं फेंकने की सलाह दी। विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करने और दिन के अंत में कचरा साफ करने के निर्देश दिए गए। इस पहल के माध्यम से देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक को स्वच्छ और हाइजीनिक बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सियालदह डिवीजन ने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, कॉनकर्स क्षेत्र और फूड स्टॉल के पास डस्टबिन स्थापित कर जिम्मेदार कचरा निपटान को बढ़ावा देने के अतिरिक्त कदम भी उठाए हैं। यात्रियों, स्टॉल मालिकों और कर्मचारियों को यह भी याद दिलाया गया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना बेहतर स्वास्थ्य, यात्री सुविधा और यात्रा अनुभव में सुधार के लिए सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ के रचयिता श्रीचंद शर्मा का महाप्रयाण, श्याम जगत शोक-विह्वल



**कोलकाता, समाज्ञा :** 'श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ' के रचयिता और परम श्याम साधक श्रीचंद शर्मा सोमवार को दोपहर लगभग 3 बजे लगभग 92 वर्ष की आयु में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के डुंगराना गांव में अपने निवास पर इस नश्वर देह को त्याग कर श्यामलीन हो गये। कोलकाता में उनके विशेष कृपापात्र सुपरिचित भजन रचयिता रविन्द्र केजरीवाल 'रवि जी' ने उनके पुत्र के हवाले से यह सूचना देते हुए बताया कि उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को शाम 4 बजे के लगभग उनके गांव में ही होगा। श्री रवि ने कहा कि उनका महाप्रयाण श्याम जगत की वो अपूरणीय क्षति है जो कभी पूरी नहीं हो सकती क्योंकि उन्होंने अखण्ड ज्योति पाठ के रूप में श्याम जगत और श्याम भक्तों को अपने घोरातिघोर दुःखों से मुक्ति की जो 'संजीवनी' प्रदान की उसका देश-दुनिया में रहने वाले असंख्य श्याम भक्त तो नित्य नियम से पाठ कर ही रहे हैं, कोलकाता सहित देश भर में स्थित अनेक प्रमुख श्याम मंदिरों व सैकड़ों श्याम मण्डलों द्वारा अपने वार्षिक उत्सवों व अन्य अवसरों पर सामूहिक अखण्ड ज्योति पाठ के भी भरपूर आयोजन हो रहे हैं।

## कोलकाता में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को पंडालों की शोभा दिखाने के लिए विशेष इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग आगंतुकों को त्योहार से पहले कोलकाता के 24 सबसे प्रतिष्ठित दुर्गा पूजा पंडालों की शोभा देखने का एक विशेष अवसर मिलेगा। इन लोगों के लिए आयोजकों ने 18-22 सितंबर तक दुर्गा पूजा अवलोकन कार्यक्रम की घोषणा की है। शहर स्थित सांस्कृतिक संगठन 'मासआर्ट' द्वारा शुरू की गई इस पहल से आगंतुकों को सामान्य उत्सवी भीड़ के बिना इन दुर्गा पंडालों को देखने का अवसर मिलेगा। साथ ही, अलीपुर जेल संग्रहालय में पश्चिम बंगाल के कारीगरों द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी भी देखने को मिलेगी। 'मासआर्ट' के प्रवक्ता ने कहा कि इस वर्ष, दुर्गा पूजा समारोहों के लिए सुगम्यता एक प्रमुख प्राथमिकता बनकर उभरी है। यूनेस्को के अनुरोध पर, पश्चिम बंगाल सरकार त्योहार को और अधिक समावेशी बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए। उन्होंने कहा कि शहर के घनी आबादी वाले पंडालों में घूमना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि भीड़ और सीमित बुनियादी ढांचे के कारण पहुंच में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। 24 पंडालों में काशी बोस लेन, हिंदुस्तान रोड, हाथीबागान सार्वजनिन, संतोषपुर लेक पल्ली, केंदुआ शांति संघ पातुली, 75 पल्ली, चलताबागान जैसे लोकप्रिय पूजा पंडाल शामिल हैं। 'मासआर्ट' के सहयोग से, इंडिया ऑटिज्म सेंटर पूर्वावलोकन अवधि के दौरान लगभग 450 ऑटिस्टिक बच्चों और युवाओं को इन पंडालों में आने की सुविधा भी प्रदान करेगा।

# श्री सच्चियाय माता भक्तगण द्वारा भव्य नवरात्र महोत्सव सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री सच्चियाय माता जी भक्तगण द्वारा भव्य नवरात्र महोत्सव बड़ाबाजार के एजेस बैंक्वेट में आयोजित किया गया। ओसियांवाली माताजी के नयनाभिराम श्रृंगार के साथ साथ छप्पन भोग, सवामणि का भोग लगाया गया। माता के विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में जोधपुर के प्रख्यात कलाकार कुलदीप ओझा और राजू मेहरा सहित अन्य कलाकारों की प्रस्तुति ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कुलदीप ओझा ने सच्चियाय माता और रामदेव जी के भजनों पर पूरा खचाखच भरा हाल झूमने लगा। आयोजन में पूर्व डिप्टी मेयर व पार्षद मीना पुरोहित, पार्षद विजय ओझा, पार्षद महेश शर्मा, समाजसेवी हरिकिशन राठी, जतन पारख, अमर चन्द दूगड़, अशोक बेगवानी सहित भारी संख्या में समाज के गणमान्य और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित हुए। पूज्य शिवजी पाण्डे ने माताजी की ज्योत के समक्ष विधान के साथ पूजन करवाया। बिमला-कमल, सौरभ बैद परिवार पूजन का लाभार्थी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्य सक्रिय रहे।

## झारखंड में भारी बारिश, और वर्षा की संभावना

**रांची:** झारखंड के कुछ हिस्सों में सोमवार को बारिश हुई, जबकि पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है और 16 सितंबर की सुबह 12 अन्य जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। आईएमडी के एक अधिकरी ने यह जानकारी दी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर बांग्लादेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से राज्य के प्रमुख हिस्सों में बुधवार तक तीन दिन तक व्यापक वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 20 सितंबर से खराब मौसम से राहत मिलने की संभवना है। आईएमडी ने मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक गिरिडीह, देवघर, दुमका, जामताड़ा और धनबाद के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया जबकि पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है।

## झारखंड: गिरिडीह में 35 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त, पांच गिरफ्तार

**गिरिडीह:** झारखंड के गिरिडीह जिले में पुलिस और बिहार आबकारी विभाग की एक संयुक्त छापेमारी में 35,000 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बिहार आबकारी विभाग, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) रांची और गिरिडीह पुलिस ने रविवार रात निमियाघाट थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार का पर्दाफाश करने के लिए छापेमारी की। डुमरी के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सुमित प्रसाद ने कहा, हमने एक संयुक्त छापेमारी में 35,000 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त की है। यह स्प्रिट एक वाहन से चुराकर एक होटल के पीछे छिपाई गई थी। पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। निमियाघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया जाएगा।

## झारखंड के देवघर में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर:** झारखंड के देवघर जिले में चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ये गिरफ्तारियां रविवार को जसीडीह थाना क्षेत्र के रायडीह के निकट की गईं। खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने रायडीह इलाके में छापेमारी की और फर्जी ग्राहक सेवा प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी बनकर घूम रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया।

# बिहार के लोगों को 'बीड़ी' से जोड़ने की कांग्रेस की कोशिश बिहारियों का अपमान: प्रधानमंत्री



**पूर्णिया:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लोगों की तुलना कथित तौर पर 'बीड़ी' से करने के लिए सोमवार को कांग्रेस की आलोचना की और इसे बिहारियों का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटकों को करारा जवाब देंगे। कांग्रेस की केरल इकाई के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया था, क्योंकि इसकी भाषा में बिहार को बीड़ी से जोड़ा गया था। हालांकि यह पोस्ट बाद में हटा दिया गया था। यह पोस्ट केंद्र सरकार की तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी नीति पर लक्षित था। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया, कांग्रेस नेता कहते हैं कि 'बीड़ी' और बिहार का नाम 'बी' से शुरू होता है। यह राज्य और उसकी जनता का सरासर अपमान है। वे आने वाले दिनों में कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगियों को करारा जवाब देंगे। मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर उनके शासनकाल में कथित कुशासन के लिए निशाना साधा। मोदी ने विपक्ष पर राज्य में घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार उन्हें बाहर करेगी। उन्होंने कहा, ''बिहार ने राजद और कांग्रेस के कुशासन के कारण बहुत कष्ट झेला है। वे राज्य का विकास पचा नहीं पा रहे हैं। माताएं और बहनें चुनाव में विपक्ष को करारा जवाब देंगी।' प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार ने देश के विकास, सुरक्षा और संरक्षा में हमेशा अहम भूमिका निभाई है। राजद और कांग्रेस के नेताओं पर केवल अपने परिवार की चिंता करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह (मोदी) ''सबका साथ, सबका विश्वास'' में भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा, 'मोदी का मूल-मंत्र गरीबों का साथ देना है।' प्रधानमंत्री ने बताया कि किसानों के हित में केंद्र ने 'राष्ट्रीय मखाना बोर्ड' के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है।

## प्रधानमंत्री ने पूर्णिया में 40,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के पूर्णिया में लगभग 40,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रेलवे, हवाई अड्डा, बिजली और पानी से जुड़ी ये परियोजनाएँ सीमांचल क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करने में मददगार साबित होंगी। मोदी ने 4,410 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) नई रेल लाइन सेक्शन पर ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। यह लाइन अररिया और किशनगंज के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित कर पूर्वोत्तर बिहार तक पहुँच को आसान बनाएगी। प्रधानमंत्री ने जोगबनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ सहरसा-छेहरटा (अमृतसर) और जोगबनी-इरोड अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। ये नई सेवाएं आधुनिक आंतरिक सज्जा, बेहतर सुविधाओं और तेज़ यात्रा क्षमता के साथ आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने विक्रमशिला-कटरिया रेल लाइन की आधारशिला रखी और कहा कि इन परियोजनाओं से सीमांचल क्षेत्र की कनेक्टिविटी व विकास को नई गति मिलेगी।

## न्यूज अपडेट

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मिला दुर्लभ प्रजाति का सांप



**पीलीभीत (उप्र):** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अत्यंत दुर्लभ ओलिगोडोन खेरिएन्सिस प्रजाति का सांप पाया गया। इससे पहले 89 वर्ष पूर्व इसे इस अभयारण्य में देखा गया था। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप निदेशक मनीष सिंह ने सोमवार को बताया कि हाल ही में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पास एक गांव के खेत में जाल में एक सांप फंसा पाया गया था। इस सांप की पहचान ओलिगोडोन खेरिएन्सिस के रूप में हुई है। इसे आमतौर पर रेड कोरल कुकरी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की एक टीम ने उस सांप को जाल से निकाला और बाद में रिजर्व के उप निदेशक मनीष सिंह की देखरेख में उसे जंगल में छोड़ दिया गया। सिंह ने बताया कि अपने विशिष्ट लाल-नारंगी रंग और नुकीले दांतों के लिए जाना जाने वाला यह सांप जहरीला नहीं होता। भारत में यह अत्यंत दुर्लभ है। इसका मिलना अहम है क्योंकि इस प्रजाति के सांप को इस अभयारण्य में पहली बार लगभग 89 साल पहले देखा गया था और तब से यह बिरले ही किसी को नजर आया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस सांप को रिजर्व के महोफ रेंज में ग्रामीणों ने देखा और प्रकृति प्रेमी मोहम्मद कासिम को इसकी सूचना दी। कासिम ने इसे दुर्लभ प्रजाति के रूप में पहचाना और विभाग को सूचित किया।

### कहीं नहीं जा रहा, अब राजग के साथ ही रहूंगा: नीतीश ने मोदी की मौजूदगी में कहा



**पूर्णिया:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को आश्वासन दिया कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ ही रहेंगे। कुमार ने कुछ समय के लिए आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन में शामिल होने पर खेद व्यक्त किया और यह आरोप लगाया कि 'जब भी उन्होंने सत्ता में साझेदारी की तो उन्होंने (आरजेडी-कांग्रेस) हमेशा इसका दुरुपयोग किया है।'' कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से कुछ सप्ताह पहले पूर्णिया में सोमवार को मोदी की उपस्थिति में आयोजित एक रैली में ये बातें कहीं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'लल्लन' की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यह जद(यू)-भाजपा गठबंधन ही था जिसने नवंबर 2005 में पहली बार बिहार में सरकार बनाई थी। अपनी ही पार्टी के कुछ साथियों के कहने पर ही मैं एक-दो बार दूसरी तरफ चला गया था। उन साथियों में से एक यहीं बैठे हैं।' जद (यू) प्रमुख ने कहा, 'लेकिन, वो अब बीती बात हो गई। मुझे यह गठबंधन कभी रास नहीं आया। जब भी हमने सत्ता में साझेदारी की, उन्होंने हमेशा इसका दुरुपयोग किया ... अब मैं वापस आ गया हूं और अब कहीं नहीं जाऊंगा।' नीतीश की इस बात पर प्रधानमंत्री मुस्कुराए और तालियां बजाईं।

### कानपुर में रेडियोलॉजी छात्रा ने अपने निजी छात्रावास के कमरे में आत्महत्या की

**कानपुर (उप्र):** कानपुर नगर पुलिस आयुक्तालय के काकादेव थाना क्षेत्र में एक रेडियोलॉजी छात्रा ने अपने निजी छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वरूप नगर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आईपी सिंह ने बताया कि छात्रावास के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। सिंह ने बताया कि पीड़िता की पहचान पलक (19) के रूप में हुई है, जो छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में बैचलर इन मेडिसिनल रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग टेक्निक्स (बीएमआरआईटी) प्रथम वर्ष की छात्रा थी। सूत्रों के मुताबिक वह चिंता और अवसाद का उपचार करा रही थी। छात्रावास आर्य नगर से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अमिताभ बाजपेयी का है। एसीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि लड़की अवसाद और चिंता से जूझ रही थी और यह उसके इस कदम के पीछे एक कारण हो सकता है। पीड़िता की छोटी बहन दीप्ति ने पुलिस के सामने बताया कि पलक ने रविवार को उसे और उसकी रूममेट को दवाइयां खरीदने के लिए भेजा और फिर छत के हुक से फांसी लगा ली। दीप्ति ने बताया कि जब हम वापस लौटे, तो कमरा अंदर से बंद था और कॉल का कोई जवाब नहीं आया।

## बलात्कार मामले में हिरासत में लिये गये हरियाणवी फिल्म अभिनेता उत्तर कुमार



**गाजियाबाद (उप्र):** हरियाणवी फिल्म अभिनेता उत्तर कुमार को सोमवार को एक गायिका के साथ बलात्कार के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। थोड़ी ही देर बाद 'तबीयत खराब' होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त (ट्रांस-हिंडन क्षेत्र) निमिष पाटिल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 25 वर्षीय एक महिला गायिका ने 18 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुमार ने एक जनवरी 2020 से 31 जुलाई 2023 तक शादी करने और फिल्म में काम दिलाने के बहाने उसका यौन शोषण किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर हरियाणवी अभिनेता के खिलाफ बलात्कार, आपराधिक धमकी के आरोपों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पाटिल ने बताया कि इस मामले में कुमार को हिरासत में ले लिया गया।

## 'भयमुक्त कारोबार' का नया केंद्र बना उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में उद्यमियों को सुरक्षा का माहौल दिया है और इसकी वजह से यह राज्य 'फियरलेस बिजनेस' (भयमुक्त कारोबार) का केंद्र बन चुका है। मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में आयोजित सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदर्शनी में विभिन्न स्टार्टअप उत्पादों का अवलोकन किया और अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को सबके सामने रखा। आदित्यनाथ ने दावा करते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ वर्षों में सुरक्षा का उत्कृष्ट वातावरण दिया है। फियरलेस बिजनेस का केंद्र उत्तर प्रदेश बन चुका है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी यूपी आज अग्रणी है। अब ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। व्यवसाय के लिए सुरक्षा, सुगमता और मजबूत इको सिस्टम जरूरी है और यह तीनों आज उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं।' उन्होंने कहा, 'प्रदेश सरकार केवल नीतियां नहीं बना रही, बल्कि युवाओं, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के विचारों को पंख दे रही है। सरकार हर योग्य स्टार्टअप के साथ खड़ी है। हम प्रयोगशाला से उद्योग तक युवाओं का साथ दे रहे हैं।

## राजस्थान में आरएएस के 222 अधिकारियों के तबादले

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में बड़ा फेरबदल करते हुए सोमवार को राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के 222 अधिकारियों के तबादले किए। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश में सरकार के कई विभागों में अधिकारी बदले गए हैं। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे आरएएस अधिकारियों को पोस्टिंग दी गई है। अदेश में कहा गया है कि सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार को पशुपालन विभाग में संयुक्त शासन सचिव पद पर लगाया गया है। जल संसाधन विभाग में संयुक्त सचिव असलम शेर खान को अल्पसंख्यक मामला विभाग में संयुक्त सचिव पद पर लगाया गया है। इसी तरह आरएएस नरेश कुमार बंसल को कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव पद से हटाकर नगर निगम जयपुर ग्रेटर में अतिरिक्त आयुक्त लगाया गया है। आरएएस आनंदी लाल वैष्णव अब संयुक्त शासन सचिव (गृह-पुलिस) होंगे।

## आदित्यनाथ ने की लाठीचार्ज में मारे गये भाजपा कार्यकर्ता के परिजन से मुलाकात

**लखनऊ/गाजीपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के गाजीपुर जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में कथित पुलिस लाठीचार्ज में घायल हुए भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत के बाद सोमवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इससे एक दिन पहले राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिये एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। गाजीपुर में पिछली नौ सितंबर को बिजली का खंभा लगाने के विरोध में नोनहरा थाना परिसर में बैठे लोगों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय (35) घायल हो गये थे। बाद में उपचार के दौरान 11 सितंबर को उनकी मौत हो गयी थी। इस मामले में लापरवाही बरतने के मामले में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था जबकि पांच अन्य को लाइन हाजिर किया गया था।

समाज्ञा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

17.09.2025 : विश्वकर्मा पूजा,इंदिरा एकादशी व्रत

19.09.2025 : प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत

21.09.2025 : पितृ विसर्जन, महालया समाप्त

22.09.2025 : महाराज अग्रसेन जयंती

## गुरु का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता

आचार्य चाणक्य न केवल एक महान राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ थे, बल्कि वे एक उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में भी जाने जाते हैं। उनकी दूरदर्शी नीतियों और मार्गदर्शन की मदद से एक सामान्य बालक चंद्रगुप्त मौर्य ने मगध का चक्रवर्ती सम्राट बनने का इतिहास रचा। नंदवंश के पतन के बाद, चाणक्य ने अपने गुरु रूप में चंद्रगुप्त का नेतृत्व करते हुए भारत के महानतम सम्राटों में से एक के रूप में उनकी सफलता सुनिश्चित की।

- चाणक्य की नीति में कहा गया है कि सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो समय की सही समझ रखते हैं। जब सुख के दिन होते हैं तो अच्छे कार्यों को जारी रखना चाहिए, और जब मुश्किल समय आता है तो धैर्य के साथ सही काम करते रहना चाहिए।
- चाणक्य के अनुसार हर व्यक्ति को अपनी ताकत और सीमाओं को पहचानना बहुत जरूरी है। हमें यह समझना चाहिए कि हम किन कामों को अच्छे से कर सकते हैं। अगर हम अपनी क्षमता से ज्यादा कुछ करने की कोशिश करेंगे तो असफलता निश्चित है।
- आचार्य चाणक्य के अनुसार यह भी जानना जरूरी है कि हमारे सच्चे दोस्त कौन हैं और कौन हमारे दुश्मन। मित्रों के रूप में छुपे हुए शत्रुओं को पहचानना आवश्यक है। साथ ही, सच्चे मित्रों की मदद से ही हम अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं।
- हर व्यक्ति को अपनी आय और खर्च का ठीक से पता होना चाहिए। जो लोग अपनी आमदनी से ज्यादा खर्च करते हैं, उन्हें अक्सर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, धन की स्थिरता और सुख पाने के लिए कभी भी अपनी आय से ज्यादा खर्च नहीं करना चाहिए।
- आचार्य चाणक्य कहते हैं कि व्यक्ति को हमेशा दूसरों की गलतियों से सीखना चाहिए। खुद पर बार-बार गलतियाँ करने से न केवल समय और संसाधन बर्बाद होते हैं, बल्कि हमारी ज़िंदगी भी कठिन हो सकती है। इसलिए अनुभव से सीखना और समझदारी से कदम बढ़ाना जरूरी है।
- व्यक्ति को इस बात का भी स्पष्ट ज्ञान होना चाहिए कि आपके असली दोस्त कौन हैं और शत्रु कौन। कई बार शत्रु दोस्त के रूप में छिपे होते हैं, इसलिए उनकी पहचान करना जरूरी है। साथ ही, सच्चे मित्रों की पहचान भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनकी मदद से ही हम जीवन में सफलता पा सकते हैं।
- आचार्य चाणक्य ने अपने नीति सूत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है जिस जगह भी आप काम कर रहे हैं, उस जगह की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि आपका प्रबंधक, कंपनी या बॉस आपसे क्या उम्मीद रखता है।

## 17 सितंबर को इंदिरा एकादशी, जानिए इसका महत्व, पूजाविधि और कथा

सनातन धर्म में एकादशी तिथि को भगवान विष्णु की उपासना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। वर्षभर आने वाली 24 एकादशियों में हर एकादशी का अपना विशेष महत्व है। इनमें से अश्विन मास के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली इंदिरा एकादशी पितरों की मुक्ति और उनके उद्धार के लिए विशेष मानी गई है। पंचांग के अनुसार,इस बार एकादशी तिथि 17 सितंबर को मनाई जाएगी, ऐसे में 17 तारीख को ही एकादशी का व्रत और श्राद्ध किया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत करने से पितृदोष समाप्त होता है, पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है और व्रती को भी विष्णुधाम की प्राप्ति होती है।

### इंदिरा एकादशी का महत्व

धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि यदि कोई पूर्वज पाप कर्मों के कारण नरक में या नीच योनि में पड़ा हो, तो इस व्रत से उसे सद्गति मिलती है। पद्म पुराण के अनुसार, इस एकादशी पर किए गए व्रत और दान का फल पितरों को समर्पित करने से वे मोक्ष प्राप्त कर वैकुण्ठ लोक में चले जाते हैं। इस व्रत का पालन करने वाले के सात पीढ़ियों तक के पितरों को तृप्ति मिलती है।

### व्रत की विधि और नियम

इस दिन प्रातः स्नान कर व्रत का संकल्प लें और भगवान विष्णु के स्वरूप शालग्राम की पूजा करें। उन्हें पंचामृत व गंगाजल से स्नान कराएं



और चंदन, फूल, तुलसी पत्र, भोग अर्पित करें। दिनभर हरि नाम का जप करें, आलस्य त्यागें और पितरों की तृप्ति के लिए श्राद्ध करें। द्वादशी को भगवान पद्मनाभ की पूजा कर ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा दें, तत्पश्चात स्वयं भोजन ग्रहण करें।

### इंदिरा एकादशी की कथा

सतयुग में महिष्मतीपुरी के राजा इन्द्रसेन धर्मपरायण और भगवान विष्णु के भक्त थे। एक दिन देवर्षि नारद ने उन्हें बताया कि उनके पिता व्रतभंग के कारण यमलोक में पीड़ा भोग रहे हैं। पितृ उद्धार के लिए उन्हें इंदिरा एकादशी का व्रत करने का संदेश मिला। राजा ने विधि-विधान से व्रत कर पितरों को तृप्त किया, जिससे उनके पिता विष्णुधाम को प्राप्त हुए। अंततः राजा इन्द्रसेन भी अपने जीवन के

## पितरों को मुक्ति दिलाने के लिए हैं ये 13 मोक्ष स्थल, जानें इनका महत्त्व

श्राद्ध संस्कार हिंदू धर्म में पितरों की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक माना गया है। पिंडदान कहां किया जाए, यह अक्सर उलझन का विषय बनता है, क्योंकि लोग स्थान, परंपरा और श्रद्धा के आधार पर निर्णय नहीं ले पाते, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है।

**ब्रह्म कपाल :** यह स्थल हिमालय पर्वत पर स्थित बद्रीधाम में है। इसे वैकुंठ धाम भी कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि महाभारत के बाद पांडवों ने अपने सभी पितरों का पिंडदान यहीं किया था। अलकनंदा नदी के तट पर बसे बद्रीनाथ धाम स्थित ब्रह्म कपाल में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है। पिंडदान का यह सर्वोच्च स्थान माना गया है।

**जगन्नाथ पुरी :** यह भगवान जगदीश का तारण क्षेत्र है। इसकी स्थापना आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी। इसकी भी प्रमुख तीर्थों में गणना की जाती है, इसलिए यहां भी पिंडदान करने से पितरों को शांति मिलती है।

**ओंकारेश्वर :** यह स्थान नर्मदा नदी के तट पर बसा हुआ है और यहां ब्रह्मा-विष्णु-महेश का निवास माना गया है। मान्यता है कि यहां पितरों को मोक्ष अवश्य प्राप्त होता है।

**पुष्कर :** राजस्थान स्थित पुष्कर को तीर्थों का राजा भी कहा गया है। यहां पर पिंडदान का अधिक महत्व है। कहते हैं कि यहां पिंडदान करने से करोड़ों यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है।

**हरिद्वार :** यह पावन तीर्थ स्थल है। यहां हर की पौड़ी पर श्राद्ध करने



का विधान है। मान्यता है कि यहां पिंडदान करने से पितरों की मुक्ति का मार्ग खुलता है।

**प्रयागराज :** गंगा-यमुना-सरस्वती तीनों पवित्र नदियों का संगम यहां यानी प्रयागराज में होता है। यह भगवान भारद्वाज का तपोक्षेत्र है। इस संगम में पिंडदान का अधिक महत्व है।

**पशुपतिनाथ :** यह नेपाल में गंडकी नदी के तट पर स्थित भगवान का धाम है। भगवान कपिल ने इस धाम का महत्व बताया है और यहां पिंडदान करने से पितृ खुश होते हैं।

**द्वारिका :** श्रीकृष्ण की पावन धरती द्वारिका में पिंडदान किया जाता है। कहते हैं कि श्रीकृष्ण को भी यहीं मुक्ति मिली थी, इसलिए यहां पिंडदान करने से भी पितरों को मुक्ति प्राप्त होती है।

**नासिक :** इसे कुंभ क्षेत्र कहा जाता है। यहां अमृत की बूंदें गिरी थीं। यहां भी पिंडदान किया जा सकता है।

**महाकाल :** उज्जैन नगरी में शिप्रा नदी के तट पर भगवान शिव का तपोस्थल है। यहां से सीधे महाकाल के चरणों में जगह मिलती है। कहा जाता है कि यहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है।

**रामेश्वरम :** यह स्थल भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित है। यहां श्रीराम ने भगवान शिव की तपस्या की थी। इस वजह से यह भूमि पितरों को मुक्ति दिलाती है।

**कैलास मानसरोवर :** भगवान शिव के इस पावन क्षेत्र में पिंडदान करने से पितरों को सीधे वैकुंठ की प्राप्ति होती है। इसके अलावा वृंदावन की भूमि को भी पिंडदान के योग्य माना गया है।

**गया :** धर्मशास्त्र के अनुसार, गया की 54 वेदियों में विष्णु पद प्रथम है। इसके दर्शन मात्र से पितर नारायण रूप हो जाते हैं। फल्गु नदी में स्नान और तर्पण करने से पितरों को देव योनि मिल जाती है। हिंदू समाज का यह दृढ़ विश्वास है कि गया में श्राद्ध पिंडदान करने से उसकी सात पीढ़ियों के पितरों को मुक्ति मिलती है।



आगामी उत्सव को देखते हुए सूरत में कलाकार पारंपरिक अंदाज़ में दुर्गा प्रतिमा गढ़ते हुए।

# कश्मीर से सेब का निर्बाध परिवहन और मिजोरम के लिए पहली मालगाड़ी ने खोले नए आर्थिक अवसरों के द्वार

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने सीमांत और दूर-दराज क्षेत्रों में अपनी माल ढुलाई सेवाओं के विस्तार के तहत एक अहम कदम उठाया है। इसके तहत एक ओर जहां जम्मू-कश्मीर से सेबों की निर्बाध ढुलाई के लिए दिल्ली तक नियमित पार्सल ट्रेन सेवा शुरू की गई है, वहीं मिजोरम में पहली बार सीमेंट से लदी मालगाड़ी भेजी गई है। रेलवे की इन पहलों से न केवल स्थानीय किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

कश्मीर घाटी के फल उत्पादकों को राहत देते हुए रेलवे ने 15 सितंबर से बड़गाम से दिल्ली के आदर्श नगर स्टेशन के लिए एक विशेष पार्सल ट्रेन सेवा शुरू की है। यह सेवा प्रतिदिन संचालित होगी, जिससे सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सेब सही समय पर दिल्ली के थोक बाजारों में पहुंच सकें। पार्सल वैन की यह सेवा न केवल तेज और समयबद्ध है, बल्कि इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह गंतव्य के बीच में आने वाले स्टेशनों पर भी माल उतारने की सुविधा देती है। इससे किसानों और व्यापारियों को बहुत लाभ मिलेगा। सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होने से लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। इससे किसानों की आय में भी इजाफा होगा।

**विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा सीमांत भारत**

रेलवे की इन पहलों को समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जम्मू-कश्मीर और मिजोरम जैसे सुदूर भू-भागों को राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़कर रेलवे न केवल देश के एक कोने को दूसरे से जोड़ रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदार बना रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे क्षेत्रीय बाजारों की क्षमता का सही उपयोग हो सकेगा और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। रेलवे की यह रणनीति सिर्फ माल ढुलाई का विस्तार नहीं है, बल्कि यह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विजन की ओर बढ़ता ठोस कदम है, जिसमें हर क्षेत्र, चाहे वो कितने ही दूरस्थ क्यों न हों, विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।



**मालगाड़ी की सुविधा से पहली बार जुड़ा मिजोरम**

पूर्वोत्तर भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। पहली बार मिजोरम के सायरंग (आइजोल) स्टेशन के लिए मालगाड़ी सेवा शुरू की गई है। असम से 21 वैगन में सीमेंट लादकर रवाना की गई यह मालगाड़ी मिजोरम के निर्माण क्षेत्र को नई ताकत देगी। इससे न केवल निर्माण लागत घटेगी, बल्कि राज्य में औद्योगिक विकास की संभावनाएं भी मज़बूत होंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है, सीमेंट, फल, स्टील और अन्य सामानों के परिवहन के लिए मिजोरम तक मालवाहक ट्रेनें चलेंगी। इससे रसद लागत कम होगी और व्यापार के अवसर बढ़ेंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जयललिता की पूर्व सहयोगी ने चुनाव से पहले अन्नाद्रमुक के सभी गुटों से एकजुट होने की अपील की

**चेन्नई :** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अंतरिम महासचिव के पद से हटाई गईं वी. के. शशिकला ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के सभी गुटों से एकजुट होने की सोमवार को अपील की। शशिकला ने कहा कि अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता इसे (पार्टी) एकजुट देखना चाहते हैं और दोहराया कि पार्टी की चुनावी संभावनाएं उसके एकीकरण पर ही निर्भर करती हैं। दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की पूर्व करीबी सहयोगी ने यहां पोएस गार्डन स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, अन्नाद्रमुक में हर कोई चाहता है कि 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न गुट एकजुट हो जाएं। मैं भी यही चाहती हूं।' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि सभी गुटों को चुनाव से पहले एक हो जाना चाहिए न कि चुनाव के बाद। शशिकला ने संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, अस्वीकार करना बहुत आसान है। लेकिन किसी को स्वीकार करना बहुत मुश्किल काम है। इसमें समय लगता है।

### संपूर्ण हिमालय पर्वतमाला पारिस्थितिकी संकट का सामना कर रही है : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितियों से संबंधित मुद्दा केवल हिमाचल प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समूचा हिमालय क्षेत्र इसका सामना कर रहा है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की ओर से पेश वकीलों से कहा, ''आदेश के लिए मामले को 23 सितंबर को सूचीबद्ध किया जाए। हम सभी बातों के सारांश को देखकर आपको एक संक्षिप्त आदेश देंगे, ताकि आप विशिष्ट निर्देश प्राप्त कर सकें।'' न्यायमूर्ति मेहता ने कहा, ''अंततः, यह केवल हिमाचल प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहेगा। समूचा हिमालय क्षेत्र इसका सामना कर रहा है।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने को 14सी और अमेज़न इंडिया का 'स्कैम स्मार्ट इंडिया' अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा:** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (ख4सी) और अमेजन इंडिया ने मिलकर ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने के लिए स्कैम स्मार्ट इंडिया नामक देशव्यापी उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है। त्योहारों के मौसम को देखते हुए इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को शिक्षित करना और उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन खरीदारी के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत सोशल मीडिया पर सरल सुरक्षा टिप्स, अमेजन पैकेजों में शैक्षिक फ्लायर्स और 'स्कैम-फ्री सितंबर' पहल के अंतर्गत बहुभाषी सुझाव साझा किए जाएंगे। साथ ही, घोटालों की पहचान और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर का हैकथॉन भी आयोजित होगा। ख4सी निदेशक निशांत कुमार ने कहा कि त्योहारों में धोखेबाज विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और कम जागरूक उपभोक्ताओं को निशाना बनाते हैं। वहीं अमेजन इंडिया लीगल के वाइस प्रेसिडेंट राकेश बख्शी ने ग्राहक विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इस साझेदारी को उपभोक्ता सुरक्षा की दिशा में अहम कदम बताया।

## रैगिंग, यौन उत्पीड़न, जातिगत पूर्वाग्रह से निपटने के लिए यूजीसी को विचार करना चाहिए: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को निर्देश दिया कि वह मसौदा नियम तैयार करते समय उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या को रोकने के लिए रैगिंग, यौन उत्पीड़न और जाति, लिंग, दिव्यांगता तथा अन्य पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव से निपटने के सुझावों पर विचार करे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से दो महीने के भीतर सुझावों पर विचार करने को कहा है। पीठ ने रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं के सुझावों पर भी विचार करने को कहा है, जिन्होंने अपने-अपने परिसरों में जाति आधारित भेदभाव का सामना करने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मसौदा नियम प्रकाशित किए गए थे



और एक विशेषज्ञ समिति ने प्राप्त 300 से अधिक आपत्तियों की पड़ताल की थी। उन्होंने कहा, ''विशेषज्ञ समिति ने आपत्तियों की पड़ताल के बाद यूजीसी से मसौदा नियमों में कुछ संशोधन करने को कहा है। यूजीसी वर्तमान में विशेषज्ञ समिति की उन सिफारिशों की जांच कर रही है।'' संबंधित माताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि वे चाहती हैं कि यूजीसी उनके सुझावों पर विचार करे, ताकि किसी और की जान न जाए। शीर्ष अदालत ने यूजीसी को आठ सप्ताह के भीतर सुझावों पर विचार करने का निर्देश दिया।

## बिहार में कानूनी स्वयंसेवकों ने तीन हजार से अधिक दावे दायर किए, राजनीतिक दल नहीं कर रहे मदद: आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि राजनीतिक दल और गैर सरकारी संगठन बिहार में एसआईआर प्रक्रिया में दावे और आपत्तियां दाखिल करने में मतदाताओं की सहायता नहीं कर रहे हैं, जबकि कानूनी स्वयंसेवकों ने पिछले एक पखवाड़े में 3,000 से अधिक ऑनलाइन दावे दाखिल किए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आंकड़ों पर आश्चर्य व्यक्त किया और रेखांकित किया कि एक सितंबर से कानूनी स्वयंसेवकों ने 3,311 दावे/आपत्तियां/सुधार दायर किए हैं और इन शिकायतों में से 1027 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। कानूनी स्वयंसेवकों से राजनीतिक दलों और मतदाताओं की सहायता करने के लिए कहा गया था। निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा, ''यह सच है। उन्होंने 3000 से अधिक दावे दायर किए हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। कोई भी राजनीतिक दल या गैर सरकारी संगठन व्यक्तिगत मतदाताओं की सहायता के लिए आगे नहीं आया है।'' गत एक सितंबर को, शीर्ष अदालत ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर भ्रम को ''बड़े पैमाने पर विश्वास का मुद्दा'' बताया और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज करने में व्यक्तिगत मतदाताओं तथा राजनीतिक दलों की सहायता के लिए स्वयंसेवकों को तैनात करे। पीठ ने कहा कि कानूनी स्वयंसेवक संबंधित जिला न्यायाधीशों के समक्ष एक गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और राज्य के एकत्रित आंकड़ों पर आठ सितंबर को विचार किया जाएगा। बिहार में 2003 के बाद पहली बार हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण से एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

## पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, दो लोग गिरफ्तार




**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक सीमा पार हथियार तस्करी 'मॉड्यूल' का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि फाजिल्का पुलिस ने एक खुफिया सूचना के आधार पर पाकिस्तान से जुड़े इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश में बैठे संचालकों के लिए काम कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पांच विदेशी पिस्तौल और नौ मैगजीन जब्त की गईं। उन्होंने बताया, ''प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये हथियार पंजाब में आपराधिक गिरोहों द्वारा इस्तेमाल के लिए एक विदेशी संस्था के माध्यम से पाकिस्तान से लाए गए थे। गिरफ्तार आरोपी सुरिंदर सिंह और गुरप्रीत अपने विदेशी आकाओं के निर्देश पर आपराधिक समूहों के जमीनी कार्यकर्ताओं को ये हथियार पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे।''

## ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रीय ऋण की वजह से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया: आरएसएस नेता

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, क्योंकि उन्हें अपने देश के राष्ट्रीय ऋण का निपटान करना है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अधिक है। उन्होंने कहा कि अन्यथा अमेरिका में संकट आ जाएगा, जो अमेरिका के लिए एक ''विनाशकारी स्थिति'' है। आरएसएस नेता मुकुल कानिटकर ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिका की मौजूदा स्थिति के लिए उसकी गलत आर्थिक नीतियों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आज की विकट परिस्थिति में केवल भारत ही ''दुनिया का मार्गदर्शन'' कर सकता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा, ''अमेरिका की जीडीपी 30 लाख करोड़ डॉलर से भी कम है... 29 लाख करोड़ डॉलर है। और उनका राष्ट्रीय ऋण 36 लाख करोड़ डॉलर का है। आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया।'' कानिटकर ने दावा किया कि अमेरिका ''कम से कम एक सप्ताह के लिए बंद हो जाएगा'' और अगर अगले महीने ऋण की राशि का भुगतान नहीं किया गया तो अमेरिकी सरकार के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी धन नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के लिए उन्हें (ट्रंप को) लगता है कि भारत पर 50 प्रतिशत 'टैरिफ' लगाना होगा, क्योंकि उन्हें अक्टूबर में 9 लाख करोड़ डॉलर का कर्ज चुकाना है।''

## थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी संबंधी मामले में 26 सितंबर को आदेश सुनाएगी शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से संबंधित स्वत: संज्ञान वाले मामले में वह 26 सितंबर को आदेश सुनाएगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा, ''मामला अनदेखी का है।'' शीर्ष अदालत ने चार सितंबर को एक खबर का स्वत: संज्ञान लिया था जिसमें कहा गया था कि पिछले आठ महीने में राजस्थान में पुलिस हिरासत में 11



लोगों की मौत हुई जिनमें से सात घटनाएं उदयपुर संभाग में ही हुईं। शीर्ष अदालत ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था।

## एसआईटी ने वनतारा को 'क्लीन चिट' दी, अनुपालन को संतोषजनक बताया

**नयी दिल्ली :** वनतारा से जुड़े मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात के जामनगर स्थित इस प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को 'क्लीन चिट' दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने इस जांच दल का गठन किया था। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतोष व्यक्त किया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत की गई थी और शीर्ष अदालत ने सोमवार को इसका अवलोकन किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने भारत एवं विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के अधिग्रहण के मद्देनजर कानूनों का पालन न करने के आरोपों पर वनतारा के खिलाफ तथ्यान्वेषी जांच करने के लिए 25 अगस्त को विशेष जांच दल का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था।

## झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सल-वाद का सफाया हो गया: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ रुपये के इनामी 'कमांडर' समेत तीन शीर्ष माओवादियों को मार गिराया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह झारखंड के हजारीबाग जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 'कोबरा बटालियन' और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें कुख्यात नक्सली कमांडर सहदेव सोरेन उर्फ परवेश को ढेर कर दिया गया। सोरेन प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और उसके सिर पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। गृह मंत्री ने कहा कि साथ ही, दो अन्य इनामी नक्सलियों -- रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल और बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन -- को भी सुरक्षा बलों ने मार गिराया। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।'' गृह मंत्री ने बार-बार कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा।

## भारत में एसी से होने वाला उत्सर्जन अब कारों के उत्सर्जन के बराबर, 2035 तक दोगुना होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** नए सर्वेक्षण में पाया गया है कि 2030 तक 'एयर कंडीशनर' भारत का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक उपकरण बन जाएगा, और 2035 तक कुल उत्सर्जन दोगुना से अधिक होकर 32.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य (सीओ2ई) हो जाएगा। दिल्ली आधारित थिंक टैंक 'आईफॉरेस्ट' द्वारा किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, अकेले 2024 में एसी से 15.6 करोड़ टन सीओ2ई उत्सर्जन हुआ, जो देश में सभी यात्री कारों से होने वाले उत्सर्जन के बराबर है। इसमें से 5.2 करोड़ टन सीओ2ई 'रेफ्रिजरेंट लीक' से उत्पन्न हुआ। रिपोर्ट में जलवायु



पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों को कम करने के लिए उत्पादक दायित्व बढ़ाने, राष्ट्रीय 'रेफ्रिजरेंट डेटाबेस' बनाने तथा सख्त प्रवर्तन का सुझाव दिया गया है। आईफॉरेस्ट ने कहा कि इन कदमों से अगले दशक में 'रेफ्रिजरेंट्स' से होने वाले 50-65 करोड़ टन उत्सर्जन को रोका जा सकेगा, जिसका मूल्य 25-33 अरब अमेरिकी डॉलर के कार्बन क्रेडिट के बराबर होगा तथा उपभोक्ताओं को 'रीफिलिंग' लागत में 10 अरब अमेरिकी डॉलर की बचत होगी। आईफॉरेस्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्याधिकारी चंद्र भूषण ने कहा, ''भारत में यदि एसी को हर दो साल में 'रीफिल' किया जाए तो यह एक यात्री कार जितना ही उत्सर्जन करता है... जलवायु के दृष्टिकोण से, एसी भी कार जितना ही हानिकारक है।'' भारत में एसी का भंडारण 2024 के 6.2 करोड़ से बढ़कर 2035 में 2.4 करोड़ हो जाने का अनुमान है, और बिक्री 1.4 करोड़ से बढ़कर चार करोड़ होने का अनुमान है।

## सरपंच संवाद ऐप पर 17 सितंबर से 100 दिवसीय सुशासन चुनौती शुरू की जाएगी

**नयी दिल्ली :** सरपंच संवाद मोबाइल ऐप पर 17 सितंबर से 25 दिसंबर तक 100 दिवसीय सुशासन चुनौती शुरू की जाएगी। जल शक्ति मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसका उद्देश्य देश भर में सरपंचों के नेतृत्व वाले अभियानों को गति देना और जमीनी स्तर पर विकास के वाहक के रूप में पंचायतों को मजबूत करना है। सरपंच संवाद मोबाइल एप्लीकेशन एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा देश भर में सरपंचों (ग्राम प्रधानों) का नेटवर्क बनाने के लिए शुरू किया गया है। ऐप का उद्देश्य ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए जमीनी स्तर के नेताओं के बीच प्रभावी संचार, ज्ञान साझाकरण और सहयोग को सुविधाजनक बनाना है। जल शक्ति मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा आयोजित सरपंच संवाद राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने इस बात पर बल दिया कि सरपंच संवाद ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म एकजुट हो सकते हैं और जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण समाधान साझा करने के लिए उन्हें सशक्त बना सकते हैं।



धनबाद: भारी बारिश के बीच मूर्तियों को ढका गया

## हिमाचल प्रदेश के शिमला में वाहन खाई में गिरा, पांच लोगों की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान खौला गांव के निवासी जोगिंदर सिंह (वाहन चालक) और नेपाल के निवासियों राजेश, एकेंद्र शाही, लक्ष्मी और दिल बहादुर के रूप में हुई है। घायलों में नेव बहादुर और लक्ष्मी के पति सज्जन शामिल हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला है कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वाहन गहरी खाई में गिर गया, जिससे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लक्ष्मी नामक महिला ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल हुए एक अन्य यात्री दिल बहादुर को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अन्य दो घायलों को उपचार के बाद कोटखाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी दे दी गई। ठियोग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सिद्धार्थ शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक बयान में दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है।

## परियोजना व्यवहार्यता अध्ययन, स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी देने का रेलवे जोन का अधिकार वापस लिया गया

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने नयी परियोजनाओं के व्यवहार्यता अध्ययन और अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी देने के लिए विभिन्न जोन को पहले दिये गए अधिकार वापस ले लिये हैं। रेलवे बोर्ड ने यह कदम बोर्ड के साथ समय पर संचार में देरी का हवाला देते हुए उठाया, जिसके कारण संसदीय प्रश्नों और अन्य महत्वपूर्ण संदर्भों के उत्तर देने में विलंब हुआ। सभी जोन के महाप्रबंधकों (जीएम) को संबोधित एक हालिया पत्र में बोर्ड ने कहा, यह देखा गया है कि जोनल रेलवे, व्यवहार्यता अध्ययन और अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) को मंजूरी देने के बाद, रेलवे बोर्ड को समय पर मंजूरी आदेश नहीं भेज रहे हैं, जिसके कारण संसदीय प्रश्नों और अन्य वीआईपी संदर्भों के उत्तर देने में देरी हो रही है। इसमें कहा गया है, ''इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि जोनल रेलवे व्यवहार्यता अध्ययन और अंतिम स्थान सर्वेक्षण की मंजूरी के बाद अतिरिक्त धनराशि के लिए रेलवे बोर्ड से बार-बार संपर्क कर रहे हैं।'' इसमें कहा गया है कि इन मुद्दों को देखते हुए, ''संदर्भित पत्रों के माध्यम से क्षेत्रीय रेलवे को दी गई व्यवहार्यता अध्ययन (पीईटी/आरईटी सर्वेक्षण) और अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी देने की शक्ति वापस ली जा सकती है और रेलवे बोर्ड को बहाल की जा सकती है।''

# कड़ी आलोचनाओं के बाद हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया भारतीय टीम ने



**दुबई:** एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था इसके बाद ही उसने पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया और उसकी यह नीति चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ दो अन्य संभावित मैचों में भी जारी रहेगी। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ चीज खेल भावना से भी बढ़कर होती हैं। सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट से जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई के सवाल पर कहा, ''हम सब एक साथ यहां आये तो हमने यह फैसला किया और मुझे लगता है कि हम यहां सिर्फ मैच खेलने आये हैं। मुझे लगता है कि हमने उचित जवाब दिया। जब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा कि क्या विपक्षी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करना ''राजनीति से प्रेरित' था, तो कप्तान ने जवाब दिया: 'मुझे लगता है कि जीवन में कुछ चीजें खेल भावना से बढ़कर होती हैं। हम पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ खड़े हैं और इस जीत को हमारे सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं। टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता से बात करते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी यही बात कही। समझा जाता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और टीम प्रबंधन ने अपने रुख पर चर्चा करने के लिए बैठक की, क्योंकि भारत में विपक्षी दलों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी इस मैच का विरोध हो रहा था। विपक्षी दलों ने इसे पहलगाम आतंकी हमले से पीड़ित परिवारों की भावनाओं से ऊपर पैसे को तरजीह देने का मामला बताया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। गंभीर और सीनियर खिलाड़ी मैच के दौरान किसी भी समय हाथ न मिलाने पर एकमत थे। यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया था, बल्कि काफी विचार-विमर्श के बाद लिया गया था। आखिर में बीसीसीआई के अधिकारियों ने इसे हरी झंडी दे दी। यह समझा जाता है कि 'हाथ न मिलाना' एक नीतिगत निर्णय है, जो एशिया कप के दौरान भी जारी रहेगा। भारत और पाकिस्तान सुपर 4 और फिर उसके बाद 28 सितंबर को होने वाले फाइनल में आमने-सामने हो सकते हैं।

## हम पहलगाम पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाना चाहते थे: गंभीर



**दुबई:** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को अच्छी करार दिया लेकिन उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि टीम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने में सफल रही। टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स से बात करते हुए गंभीर ने कहा, 'यह अच्छी जीत है लेकिन टूर्नामेंट में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हम पहलगाम हमले के पीड़ितों, सभी परिवारों और उनके साथ हुई घटनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहते थे।' उन्होंने कहा, 'हम ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के लिए सशस्त्र बलों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम देश को गौरवान्वित और खुश करने का प्रयास करेंगे।'' इस मैच के बारे में गंभीर ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते थे।

## भारतीय टेनिस की मदद के लिए सिर्फ पद पर काबिज होना ही एकमात्र रास्ता नहीं है: सानिया



**दुबई:** राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अनुसार देश के प्रत्येक खेल महासंघ की 15 सदस्यीय कार्यकारी समिति में चार महिलाओं का होना अनिवार्य है लेकिन दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा का मानना है कि युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) में एक पद से कहीं अधिक है। खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए पथ प्रदर्शक रहीं सानिया ने अपने दुबई स्थित आवास से पीटीआई से कई मुद्दों पर बात की जिनमें टेनिस में वेतन समानता से लेकर स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारत की डेविस कप जीत शामिल रहीं जबकि उन्होंने 16 साल की माया राजेश्वरन रेवती की विशेष प्रतिभा पर भी बात की है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह निकट भविष्य में खेल प्रशासन में दिखाई दे सकती हैं तो सानिया ने इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि मदद करने के लिए उस शक्तिशाली पद पर होना ही एकमात्र तरीका है। ईमानदारी से कहूं तो मेरा यही जवाब है। अगर मुझे मौका मिले तो क्या मैं कर पाऊंगी, तो क्या मैं उस पद पर रहकर और योगदान दे पाऊंगी तो मैं ऐसा करना पसंद करूंगी। लेकिन क्या मैं इसका लक्ष्य बना रही हूं तो मेरा जवाब है, नहीं। क्योंकि यह मेरा लक्ष्य नहीं है।' सानिया के लिए भा रतीय टेनिस की अगली पीढ़ी के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए कोई पद पर बैठना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य युवा पीढ़ी के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों और विशेषकर युवा लड़कियों की मदद करना है क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास ज्यादा आदर्श नहीं हैं जिनसे वे प्रेरणा ले सकें।' सानिया ने कहा, 'मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। और अगर मुझे इसके लिए किसी तंत्र में शामिल होने का मौका मिलता है और इससे मुझे सिर्फ फोन पर बात करने या कोर्ट पर उनकी मदद करने या किसी भी तरह की अन्य चीज से ज्यादा मौके मिलते है तो मुझे ऐसा करने में खुशी होगी।'

## अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मोहम्मद सिराज



**दुबई:** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी जिनका मैं हिस्सा रहा हूं।' सिराज ने कहा, 'मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।'

## हैंडशेक विवाद: पीसीबी ने पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग, फाइनल में नकवी से ट्रॉफी पर सवाल

**दुबई:** भारत और पाकिस्तान के एशिया कप मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाने को लेकर विवाद गहराया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें एशिया कप से हटाने की मांग की है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि यह कदम पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता जताने के लिये उठाया गया। पीसीबी ने आरोप लगाया कि पायक्रॉफ्ट ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को भारतीय



कप्तान से हाथ न मिलाने को कहा और टीमशीट भी रैफरी के माध्यम से ली गई। एसीसी प्रमुख और पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक्स पर लिखा कि आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर शिकायत दर्ज की गई है। सूत्रों के अनुसार, यदि भारत 28 सितंबर को फाइनल में पहुंचता है तो खिलाड़ी नकवी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। भारतीय बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार हाथ मिलाना कोई अनिवार्य नियम नहीं बल्कि परंपरा है। अंतरराष्ट्रीय खेलों में राजनीतिक कारणों से हाथ न मिलाने के उदाहरण पहले भी रहे हैं। अब निगाहें संभावित फाइनल के ट्रॉफी वितरण पर टिकी हैं।

## हारने से पहले पहलवान सुजीत ने पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता रहमान को चुनौती दी


**जगरेब (क्रोएशिया):** भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने सोमवार को विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन क्वार्टरफाइनल में हारने से पहले पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता ईरान के रहमान मूसा अमजौद खलीली के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश की। सुजीत को 5-6 से हार का सामना करना पड़ा जबकि अन्य भारतीय पहलवान बिना किसी चुनौती के बाहर हो गए। सुजीत पुरुषों की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल क्वार्टर फाइनल में संयम के मामले में 2022 के विश्व चैंपियन से बेहतर दिखे और अंत तक डटे रहे। लेकिन उन्हें आखिर में पराजय मिली। क्वार्टर फाइनल से पहले सुजीत ने तुर्किये के कैविट अकार (15-5) और कोरिया के क्वान जिन किम (9-2) को हराया था। अन्य भारतीयों में विक्की ईरान के पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता अमीराली हामिद अजरापिरा से क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। महिला वर्ग में नीशू (55 किग्रा) जापान की सोवाका उचिदा से हार गईं। हालांकि जापानी पहलवान सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं जिससे इस भारतीय खिलाड़ी की रेपेशाज की उम्मीद बरकरार है।

## 'हैंडशेक' विवाद पर चुप रहे गांगुली, कहा- आतंकवाद हर जगह खत्म होना चाहिए

**कोलकाता:** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दुबई में एशिया कप मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेटरों से हाथ नहीं मिलाने पर चल रही बहस पर टिप्पणी करने से इनकार किया। हालांकि उन्होंने कहा कि आतंकवाद सिर्फ भारत या पाकिस्तान में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में खत्म होना चाहिए। दुर्गा पूजा से पहले अपने ब्रांड 'सौरज्ञ्य' की लॉन्चिंग के मौके पर गांगुली ने कहा कि खेल रुक नहीं सकते लेकिन दुनिया भर में आतंकवाद पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'आपको सूर्यकुमार यादव से पूछना होगा, उन्होंने इसका जवाब दे दिया है।' भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पाकिस्तान ने इसे खेल भावना के विरुद्ध बताते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। गांगुली ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को कमजोर बताते हुए कहा कि भारत अब एशिया कप की किसी भी टीम से बहुत आगे है। उन्होंने मजाक में कहा कि मैच के 15 ओवर बाद उन्होंने टीवी बदलकर फुटबॉल देखना शुरू कर दिया।

समाज्ञा व्यापार


## सरकार का पांच साल में वाहन क्षेत्र को शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य: गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन 2025' का उद्घाटन करते हुए कहा कि वाहन क्षेत्र सरकार को सबसे अधिक जीएसटी राजस्व देता है और रोजगार के अवसर पैदा करता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''हमारा लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष स्थान वाला बनाना है। गडकरी ने बताया कि देश में दुनिया की सभी बड़ी वाहन कंपनियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ''जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। इस समय अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। उसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है। मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने कहा, ''हमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करना होगा।

# केनरा रोबेको, हीरो मोटर्स समेत छह कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली:** बाजार नियामक सेबी ने केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी और हीरो मोटर्स समेत छह कंपनियों को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में पाइन लैब्स, ओर्कला इंडिया, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस और एमवी फोटोवोल्टिक पावर भी शामिल हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध अद्यतन सूचना के मुताबिक, इन कंपनियों ने अप्रैल से जुलाई के बीच आईपीओ से संबंधित मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को सेबी ने दो से 12 सितंबर के बीच नियामकीय 'टिप्पणियां' मिलीं। नियामकीय भाषा में टिप्पणी मिलने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी है। केनरा रोबेको एएमसी का 4.98 करोड़ इक्विटी शेयरों का आईपीओ पूरी तरह खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। इसमें प्रवर्तक केनरा बैंक 2.59 करोड़ और




ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एनवी 2.39 करोड़ शेयर बेचेंगी। इससे प्राप्त राशि प्रवर्तकों को जाएगी और कंपनी को कोई धनराशि नहीं मिलेगी। हीरो मोटर्स आईपीओ के जरिये करीब 1,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसमें 800 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर और 400 करोड़ रुपये के शेयर ओएफएस के तहत बेचे जाएंगे। एमवी फोटोवोल्टिक पावर 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है, जिसमें 2,143.86 करोड़ रुपये के नए शेयर और 856.14 करोड़ रुपये के ओएफएस शामिल हैं। टेमासेक और पीक एक्सवी पार्टनर्स द्वारा समर्थित कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ 2,600 करोड़ रुपये के नए शेयर निर्गम एवं 14.78 करोड़ से अधिक शेयरों के ओएफएस का मेल होगा। उधर, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस ने सेबी के पास गोपनीय रूप से मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों का कहना है कि कंपनी करीब 1,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। खाद्य ब्रांड एमटीआर एवं ईस्टर्न का संचालन करने वाली कंपनी ओर्कला इंडिया शुद्ध ओएफएस मार्ग से पूंजी जुटाएगी। इसके तहत प्रवर्तक और अन्य मौजूदा शेयरधारक 2.28 करोड़ शेयर बेचेंगे। सभी छह कंपनियों के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे।

## न्यूज अपडेट

### भारत महत्वपूर्ण मोड़ पर, एआई को अपनाने के अपार अवसर: टाटा संस चेयरमैननयी



**दिल्ली:** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि भारत एक ऐसे 'महत्वपूर्ण मोड़' पर है, जहां उसके पास कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने और व्यापक प्रभाव डालने के अपार अवसर है। नीति आयोग की 'विकसित भारत के लिए एआई: तेज आर्थिक वृद्धि का अवसर' शीर्षक वाली रिपोर्ट के विमोचन के मौके पर उन्होंने यह बात कही। चंद्रशेखरन ने उद्योग जगत से एआई का लाभ उठाने में सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां हमारे पास अपने देश पर व्यापक प्रभाव डालने के लिए एआई को अपनाने के अपार अवसर हैं। चंद्रशेखरन ने देश के सभी युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एआई के इस्तेमाल की वकालत की।

### चांदी 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलो के नए शिखर पर, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 500 रुपये घट गया।अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला मानक सोना सोमवार को 500 रुपये गिरकर 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जिससे इसकी चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया। शुक्रवार को यह 700 रुपये बढ़कर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

### इंडिगो जनवरी 2026 में एथेंस के लिए छह साप्ताहिक सीधी उड़ानें शुरू करेगी

**मुंबई:** घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने सोमवार को कहा कि वह अगले साल जनवरी से एथेंस, ग्रीस के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन ने कहा कि वह इसके लिए अपना पहला एयरबस ए321 एक्सएलआर विमान तैनात करेगी, जिसकी आपूर्ति इस साल के अंत तक होने वाली है। इंडिगो ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि वह चालू वित्त वर्ष में 10 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि इंडिगो 2025 के अंत तक भारत का पहला ए321 एक्सएलआर विमान लाने और जनवरी 2026 की शुरुआत में एथेंस के लिए छह साप्ताहिक सीधी उड़ानें शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए नियामकीय मंजूरी का इंतजार है। बयान के अनुसार इससे इंडिगो भारत और ग्रीस के बीच सीधी उड़ानें प्रदान करने वाली एकमात्र भारतीय एयरलाइन बन जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि उचित मंजूरियां मिलने के बाद वह एथेंस को दिल्ली और मुंबई दोनों से जोड़ने का इरादा रखती है।

### एलएंडटी को बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मिला ऑर्डर

**नयी दिल्ली:** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए ऑर्डर मिला है। एलएंडटी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसकी परिवहन अवसंरचना इकाई ने नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लि. (एनएचएसआरसीएल) से मुंबई-अहमदाबाद 'हाई स्पीड रेल' गलियारे के लिए 156 रूट किमी (आरकेएम) हाई-स्पीड बैलस्टलेस ट्रैक (पैकेज टी1) के निर्माण का ऑर्डर हासिल किया है। एल एंड टी के लिए मुंबई-अहमदाबाद 'हाई स्पीड रेल' गलियारे में ट्रैक-कार्य पैकेज में यह दूसरा अनुबंध है। एलएंडटी ने कहा कि अप्रैल, 2022 में, एनएचएसआरसीएल ने वडोदरा शहर के दक्षिण से साबरमती डिपो तक पैकेज टी3 (116 किमी) का अनुबंध हासिल किया था और परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है।

## व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए भारत पहुंच रहे अमेरिका के मुख्य वार्ताकार

**नयी दिल्ली:** अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रेंडन लिंच भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता (बीटीए) पर बातचीत के लिए भारत आने वाले हैं। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। लिंच मंगलवार को व्यापार वार्ता के संबंध में एक-दिवसीय बातचीत करेंगे। उनके सोमवार रात तक भारत पहुंचने की संभावना है। वह अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण एवं पश्चिम एशिया) हैं। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अबतक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया था। बीटीए पर भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, ''हमने पहले भी संकेत दिए हैं कि हमारे बीच बातचीत जारी है। अमेरिका के मुख्य वार्ताकार भारत आ रहे हैं और वह मंगलवार को संभावित परिदृश्य के बारे में चर्चा करेंगे। अग्रवाल ने कहा, ''हालांकि, यह बीटीए पर छठे दौर की बातचीत नहीं है लेकिन यह निश्चित रूप से व्यापार वार्ता से जुड़ी चर्चा है। यह पता करने की कोशिश होगी कि भारत और अमेरिका के बीच समझौते पर हम किस तरह पहुंच सकते हैं। यह बातचीत छठे दौर की वार्ता से पहले की तैयारी होगी। इसके साथ ही अग्रवाल ने बताया कि दोनों देश ऑनलाइन माध्यम से साप्ताहिक आधार पर बातचीत करते रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी बातचीत चलती रही है लेकिन हम अधिक प्रगति नहीं कर पा रहे थे। असल में, व्यापक परिदृश्य ही अनुकूल नहीं था। अब हमें एक संभावना नजर आ रही है।

## सरकार आयात निर्भरता कम करने को जारी करेगी 100 उत्पादों की सूची

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय देश में भारी मात्रा में आयात होने वाले 100 उत्पादों की सूची सार्वजनिक करेगा। यह कदम घरेलू उद्योग में क्षमता निर्माण या मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए उठाया जा रहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कदम अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए जवाबी शुल्क और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने के आह्वान के मद्देनजर उठाया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में सचिव सुनील बर्थवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि क्षमता निर्माण या मौजूदा सुविधाओं के बेहतर उपयोग के माध्यम से आयात पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से 100 उत्पादों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, ''हमारा प्रयास होगा कि हम इन उत्पादों की पहचान करें और उन्हें सार्वजनिक करें ताकि विनिर्माता (वर्तमान और भविष्य दोनों) उन पर गौर कर सकें और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा दे सकें।'' बर्थवाल ने कहा कि यह सूची महीने के अंत तक या अक्टूबर में सार्वजनिक कर दी जाएगी।

## एआई के दम पर 2035 तक जीडीपी में 600 अरब डॉलर की वृद्धि संभव: नीति आयोग

**नयी दिल्ली:** भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से वर्ष 2035 तक जीडीपी में 500 से 600 अरब डॉलर की बढ़ोतरी संभव है। नीति आयोग की नयी रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए एआई: त्वरित आर्थिक वृद्धि के लिए अवसर' में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार आने वाले दशक में एआई के व्यापक उपयोग से वैश्विक अर्थव्यवस्था में 17 से 26 लाख करोड़ डॉलर तक योगदान हो सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) में विशाल कार्यबल, बढ़ते शोध एवं विकास तंत्र और मजबूत डिजिटल क्षमताएं भारत को इस परिवर्तन का अहम भागीदार बना सकती हैं। इससे भारत को वैश्विक एआई मूल्य का 10-15 प्रतिशत तक हासिल करने का अवसर मिलेगा। नीति आयोग ने कहा कि एआई से वित्तीय सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभाव होगा।

## आईटी, वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 119 अंक टूटा




**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 81,998.51 अंक के उच्चस्तर तक गया और नीचे में 81,744.70 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 44.80 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे वे बाजार से दूर रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3359 अंक 169, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in